# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित




5 क्या सीसीपी से समझौते के चलते राहुल सुरक्षा बलों के मनोबल को ठेस पहुंचाते हैं : भाजपा

6 चीन सुधरेगा नहीं, चौकन्ना रहना होगा

## फर्स्ट टेक

### इसरो का सूर्य मिशन प्रगति पर, 2 को होगा प्रक्षेपण

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष स्पेस केन्द्र से दो सितंबर को सूर्य के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किये जाने वाले पहले मिशन की तैयारी प्रगति पर है और इसके लांच करने का पूर्वाभ्यास पूरा कर लिया गया है। इसरो ने बताया कि आदित्य-एल1 उपग्रह सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष आधारित भारतीय वेधशाला होगी। इसे शनिवार पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च वाहन पीएसएलवी-सी57 से प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन की आंतरिक जांच भी पूरी कर ली गई है। सूर्य मिशन को लेकर इसरो ने एक पोस्ट में कहा प्रक्षेपण की तैयारी प्रगति पर हैं।

### ताइवान को डराने के लिए चीन सैन्य ताकत का इस्तेमाल कर रहा : ताइवान के विदेश मंत्री

**नई दिल्ली/भाषा।** ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने बुधवार को कहा कि ताइवान को डराने-धमकाने के लिए चीन तेजी से अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ताइवान को संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सार्थक रूप से भाग लेने की अनुमति देना शांति के लिए एकजुट होने के वैश्विक निकाय के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करेगा। बीजिंग द्वारा एक नया मानचित्र जारी करने के कुछ दिनों बाद वू ने कहा कि चीन का विस्तारवाद ताइवान पर नहीं रुकता है और पूर्वी तथा दक्षिण चीन सागर में गतिविधियों का इस्तेमाल अपनी शक्ति का विस्तार करने और अपने क्षेत्रीय दावों को साबित करने के लिए किया जाता है। बीजिंग ताइवान को अपना अलग प्रांत मानता है और इस बात पर जोर देता है कि यदि आवश्यक हो तो बलपूर्वक इसे मुख्य भूमि के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए। हालांकि, ताइवान खुद को चीन से पूरी तरह अलग मानता है।

### भारतपे के सीबीओ बहल ने कंपनी छोड़ी

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच भारतपे के मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) ध्रुव धनराज बहल चार साल बाद कंपनी छोड़ रहे हैं। कंपनी ने इसकी पुष्टि की है। हाल में गुरुग्राम की कंपनी के कई शीर्ष अधिकारियों ने पद छोड़ा है। बहल 2020 में परिचालन प्रमुख के रूप में कंपनी में शामिल हुए था। बाद में उन्हें मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया। उसके बाद कारोबारी कर्ज को लेकर उन्हें सीबीओ बनाया गया। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, बहल अपने उद्यममिता के जुनून को आगे बढ़ाने के लिए भारतपे से हट रहे हैं।

| सूर्यास्त 31-08-2023 | सूर्योदय 01-09-2023 |
|---|---|
| 6:31 बजे | 6:08 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,087.25 | 19,347.45 |
| (+11.43) | (+4.80) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,122 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 75,810 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### असुरक्षित बहनें

सहमी हुई सड़क पर चलती,
चारों तरफ फिर रहे तक्षक।
दिखे अकेली गर जो बहना,
बन जाते हर कोई भक्षक।
रक्षासूत्रों के दम पर जो,
बने हुए हमदर्द समीक्षक।
सोच रही हैं आज सभी वे,
क्या भाई सचमुच हैं रक्षक।।



# कर्नाटक में चौथी गारंटी 'गृह लक्ष्मी' योजना हुई शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

▪ **गृह लक्ष्मी योजना के तहत करीब 1.1 करोड़ महिलाओं को 2,000 रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी।**

**मैसूरु।** कर्नाटक में एक और प्रमुख चुनावी वादा पूरा करते हुए कांग्रेस सरकार ने बुधवार को गृह लक्ष्मी' योजना शुरू की जिसके तहत करीब 1.1 करोड़ महिलाओं को 2,000 रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार महाराजा कॉलेज मैदान में हुए एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए।

धूमधाम के साथ शुरू की गयी 'गृह लक्ष्मी' योजना कांग्रेस की चुनाव से पहले दी गयी पांच गारंटी में से एक है। कांग्रेस ने मई में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया था। इससे पहले, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा था कि उनकी सरकार ने पांच में तीन गारंटी (चुनाव पूर्व वादे)- 'शक्ति', 'गृह ज्योति' और 'अन्न भाग्य' पहले ही लागू कर दी हैं तथा चौथी गारंटी 'गृह लक्ष्मी' है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में गृह लक्ष्मी' योजना के लिए 17,500 करोड़ रुपये का बजट तय किया है।

सरकार की पांचवीं गारंटी 'युवा निधि' के तहत स्नातक कर चुके और डिप्लोमा धारक ऐसे बेरोजगार युवाओं को हर महीने क्रमश: 3,000 रुपये और 1,500 रुपये देने का प्रावधान है जिन्हें 2022-23 अकादमिक वर्ष में परीक्षा पास करने के छह महीने बाद भी नौकरी नहीं मिल सकी है। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना दिसंबर में शुरू की जाएगी।

## रक्षाबंधन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार भारतीय संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है। रक्षाबंधन के अवसर पर दिल्ली में स्कूल की छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राखी बांधी।

## यूट्यूब ने भारत में 19 लाख वीडियो हटाए

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकप्रिय वीडियो स्ट्रीमिंग मंच यूट्यूब ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान भारत में सामुदायिक मानदंडों के उल्लंघन पर 19 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए थे। यह आंकड़ा किसी भी अन्य देश में मंच से हटाए गए वीडियो के मुकाबले अधिक है। यूट्यूब की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। समीक्षाधीन तिमाही में यूट्यूब ने वैश्विक स्तर पर सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने पर 64.8 लाख से अधिक वीडियो हटाए थे। इनमें 19 लाख से अधिक वीडियो भारत के ही रहे। यूट्यूब की 'सामुदायिक दिशानिर्देश प्रवर्तन' रिपोर्ट से यह जानकारी मिलती है कि वीडियो स्ट्रीमिंग मंच को किस तरह की शिकायतें मिलीं और उसने उन पर क्या कार्रवाई की। यूट्यूब ने भारत में शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए जनवरी-मार्च 2023 के दौरान 19 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए। इसकी तुलना में अमेरिका में 6.54 लाख वीडियो, रूस में 4.91 लाख वीडियो और ब्राजील में 4.49 लाख वीडियो हटाए गए।

## लोकसभा से अधीर रंजन चौधरी का निलंबन रद्द

**नई दिल्ली/वार्ता।** संसद की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए इस्तेमाल शब्दों के कारण किए गए निलंबन को रद्द कर दिया है। विशेषाधिकार समिति ने बुधवार को श्री चौधरी का निलंबन रद्द करने का प्रस्ताव कर उसे तत्काल मंजूरी प्रदान कर दी। सूत्रों के अनुसार श्री चौधरी ने समिति के सामने हाजिर होकर बताया कि उनका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था।

## अस्सी प्रतिशत भारतीयों की मोदी को लेकर अनुकूल राय : पीयू सर्वेक्षण



**वाशिंगटन/भाषा।** पीयू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण के अनुसार करीब 80 प्रतिशत भारतीयों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अनुकूल राय है और इसमें शामिल किए गए प्रत्येक 10 में से सात भारतीय का मानना कि उनका देश हाल के समय में अधिक प्रभावशाली हो गया है।

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले जारी सर्वेक्षण की रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरी दुनिया में भारत के बारे में लोगों की राय आमतौर पर सकारात्मक है, और औसतन 46 प्रतिशत लोगों ने देश के बारे में अनुकूल राय व्यक्त की, वहीं 34 प्रतिशत के विचार प्रतिकूल थे। 16 प्रतिशत लोगों ने कोई राय ही नहीं प्रकट की। रिपोर्ट के अनुसार इजराइल में भारत को लेकर ज्यादातर सकारात्मक राय है, जहां 71 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनकी राय भारत को लेकर अच्छी है। पीयू ने कहा कि यह सर्वेक्षण 20 फरवरी से 22 मई तक किया गया, जिसमें भारत समेत 24 देशों के 30,861 वयस्क प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर वैश्विक राय और दूसरे देशों के बारे में भारतीयों की राय परखी गई। मंगलवार को जारी सर्वेक्षण के परिणाम के अनुसार, प्रत्येक 10 में से लगभग आठ भारतीय मोदी के बारे में अनुकूल विचार रखते हैं, जिनमें से अधिकतर (55 प्रतिशत) का दृष्टिकोण 'बहुत अनुकूल' है।









## स्वयं को बदलने के लिए आत्मनिरीक्षण आवश्यक : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। यहां शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी की निश्रा में मृत्युंजय तप की पूर्णाहुति हुई। पारणा कराने का लाभ मीठालाल भीखालाल सालेचा परिवार ने लिया। इस मौके पर आचार्यश्री ने कहा कि पांच मिनट भी अगर आप को घर में एकान्त मिले तो थोडा सा आत्मनिरीक्षण जरूर करना चाहिए। दुनिया में दो तरह के दुःख होते है, एक मिला हुआ दुःख है और दूसरा दिया हुआ दुःख है। एक बार अपने जीवन को टटोल कर देखें कि आपके जीवन में मिला हुआ दुःख ज्यादा है या दिया हुआ दुःख ज्यादा है, क्योंकि दिया हुआ दुःख किसी ओर के पास पहुँच गया है और मिला हुआ दुःख आपके पास है। अपने आप धार्मिक होने के लिए प्रेरणा मिलेगी। अगर सही है तो जीवन धारा को बदलने के लिए उपदेश की जरुरत नहीं होगी। आप स्वयं खुद का विकास कर सकेंगे।




## भक्त के चरित्र श्रवण व अनुकरण से जीवन सफल हो जाता है : संत रामप्रकाश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बलेपेट स्थित सीरवी समाज ट्रस्ट कर्नाटक वडेर के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संत रामप्रकाशजी महाराज ने कहा कि कलयुग में हम जैसे साधारण लोगों के लिए मीरा का चरित्र आदर्श चरित्र है।

सतयुग, त्रेता और द्वापर युग के भक्तों के साध्य युक्त चरित्रों का अनुकरण करना कठिन है, पर कलयुग में हरि नाम और भक्त मीराबाई जैसी महाभक्तों की भक्तिमय कथा के श्रवम से भगवत कृपा प्राप्त की जा रही है। इस कार्यक्रम में संस्था के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा व ओमप्रकाश बर्फा ने मीराबाई के भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, सहसचिव भवरलाल गेहलोत, राजूराम बर्फा आदि सदस्य उपस्थित थे।

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए सशक्त विकल्प प्रदान करेगा : शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को कहा कि 31 अगस्त और एक सितंबर को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक में 28 राजनीतिक दलों के 63 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पवार ने विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए एक मजबूत विकल्प प्रदान करेगा। पवार ने कहा कि 'इंडिया' में सीट बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राकांपा को लेकर कोई भ्रम नहीं है। पिछले महीने महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हुए अपने भतीजे अजित पवार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, छोड़कर जाने वालों को जनता सबक सिखाएगी।

बसपा प्रमुख मायावती के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा,यह पता नहीं है कि वह किसके पक्ष में हैं। इससे पहले वह भाजपा के साथ बातचीत कर चुकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि विभिन्न विचारधाराओं से जुड़े विपक्षी दलों के गठबंधन का एक साझा उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा करना है।

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की तरफ से प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर, ठाकरे ने कहा, हमारे पास प्रधानमंत्री उम्मीदवार के लिए कई विकल्प हैं। लेकिन भाजपा के पास एक को छोड़कर क्या विकल्प है। इस सवाल पर कि 'इंडिया' का संयोजक कौन होगा, ठाकरे ने पूछा, राजग का संयोजक कौन है।

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि 2019 में गैर-भाजपा दलों को 23 करोड़ मत मिले, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले। उन्होंने कहा, अगर हम मिलकर काम करें, हम जीत सकते हैं।



## नवकार मंत्र का जाप 68 तीर्थ की यात्रा समान है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने नवकार महामंत्र जाप 68 तीर्थ भावयात्रा अंतर्गत कहा कि श्री नवकार मंत्र भाव यात्रा इसमें परम श्रेष्ठ स्थान रूप आत्मभाव भरा हुआ है। श्रद्धावान् पुण्यवान के साथ रहने से प्रभाव की प्रतीति होती है और साधना रत साधक को इस के प्रत्येक प्रत्येक पद का उत्कृष्ट चिन्तन करते-करते स्वभाव के दर्शन होते हैं। इसके अडसठ अक्षर हैं, 9 पद , 8 सम्पदा, 7 अक्षर के तीन, 8 अक्षर के तीन, 9 अक्षर के दो एवं 5 अक्षर का एक पद है, इस प्रकार 68 अक्षर युक्त, चौदह पूर्व का सार कहा है। कोई भी ग्रन्थ के या मंत्र के आरम्भ में नवकार होता है। इसके 68 अक्षर 68 तीर्थ रूप हैं। नवकार का जाप 68 तीर्थ की यात्रा समान है।

साध्वी शीतल गुणा श्री जी ने कहा कि भारत देश भावना प्रधान देश है। हर इंसान सुरक्षा पाना चाहता है। रक्षाबंधन पर्व भी सभी को एक धागे में बांधकर सुरक्षित रखता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में माता-पिता के बाद अगर कोई हमारी खुशियों की निस्वार्थ और सच्चे दिल से प्रार्थना करता है तो वो होती है बहन,भाई बहन का प्यार जग में अनमोल है। मेघराज भंसाली ने बताया कि एकासणा लाभार्थी मांगीलाल भारतमल वेदमुथा परिवार का संघ द्वारा सम्मान किया गया।

## 'सद्बुद्धि ही संसार में सर्वश्रेष्ठ, जिसे सत्संग से जगाया जा सकता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गांधीनगर स्थित वैष्णव भवन में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री बालाजी मठ मंदिर लोक न्यास ग्वालियर के चेयरमैन एवं गौमाता गौरक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय मंत्री भानूप्रताप दुबे ने कहा कि जो व्यक्ति साधना करके अपने मन और अंतर मन को शुद्ध और निर्मल बना लेते हैं और ईर्ष्या द्वेष के भावों को त्याग कर दूसरों के प्रति कल्याण की भावना रखते हैं,



उनकी रक्षा दैवीय शक्तियां स्वयं करती हैं और उनको शांति का अनुभव मिलता है। जीवन केवल सांस और हृदय की धड़कन ही नहीं बल्कि उससे भी बढ़कर है। परमार्थ के उद्देश्य से जीना ही सही उद्देश्य है। व्यक्ति को सैंकड़ों हाथों से इक्ठा करना चाहिए तो हजारों हाथों से देना चाहिए। सदबुद्धि ही संसार में सर्वश्रेष्ठ वस्तु है, जिसे सत्संग से जगाया जाता है।

बुद्धि जिसके बल पर विचारधाराए शुद्ध की जाती हैं। असत्य नहीं सत्य बोलिए, सत्य के पथ पर चलना चाहिए। हृदय और मन में एकता रखना चाहिए। इस सत्संग कार्यक्रम में कमल मालू, राधेश्याम भूतड़ा, रामनिवास राठी, अरविंद गोयल, रमाकांत मूंदड़ा, सुभाष अग्रवाल, शुभम काबरा आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय वित्तमंत्री गुरुग्राम से 'मेरा बिल-मेरा अधिकार' योजना की शुरुआत करेंगी : चौटाला



**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक सितंबर को गुरुग्राम से 'मेरा बिल-मेरा अधिकार' योजना की शुरुआत करेंगी। एक सरकारी बयान के अनुसार, जेजेपी नेता ने कहा, वह गुरुग्राम के सेक्टर 15 में आयोजित एक कार्यक्रम में इस योजना की शुरुआत करेंगी।

चौटाला ने कहा कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सामान खरीदने की रसीद एक पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ड्रॉ प्रणाली के माध्यम से 30 करोड़ रुपए के कोष से पुरस्कार भी मिलेगा। यह योजना जीएसटी संग्रह के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी क्योंकि इससे अधिक से अधिक लोग जीएसटी बिल जमा करने के लिए प्रेरित होंगे।

## डीयू ने चार सितंबर को होने वाले मेरे व्याख्यान को रद्द किया : राजद सांसद झा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने चार सितंबर को होने वाले उनके व्याख्यान को रद्द कर दिया है। उन्होंने इस प्रकरण की जांच कराने की भी मांग की।

दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर झा ने कहा कि उन्हें विश्वविद्यालय के 'सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट इन हायर एजुकेशन' ने 'पॉलिटिकल सोशल वर्क : न्यू ऑपरच्युनिटी फॉर प्रैक्टिस' विषय पर व्याख्यान देने के लिए 18 अगस्त को आमंत्रित किया था।

उन्होंने कहा कि लेकिन बुधवार को विश्वविद्यालय ने ई-मेल भेजकर सूचित किया कि उनके व्याख्यान को 'अपरिहार्य परिस्थितियों' की वजह से रद्द कर दिया गया है। झा ने कहा, यह मेरा विश्वविद्यालय है। मैं यहां पढ़ाता हूं। मैंने यहीं से पढ़ाई की और यहां पढ़ाता हूं। मैं संसद में, सड़क पर बोल सकता हूं, अखबारों में लिख सकता हूं लेकिन अपने ही विश्वविद्यालय में संबोधित नहीं कर सकता जहां पर पढ़ाता हूं। क्या डर है? उन्होंने कहा, मैं सरकार से मांग करता हूं कि सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट फॉर हायर एजुकेशन के इस कदम की जांच की जाए। क्या कारण है कि मैं व्याख्यान नहीं दे सकता? क्या मुझे अधिकार नहीं है?

## प्रधानमंत्री पूरे देश में समान विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं: दर्शना जरदोश



**दीमापुर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री दर्शना जरदोश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में समान विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मंगलवार को यहां केंद्र सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम 'समर्थ' के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक समान विकास के लिए एक प्रणाली स्थापित की है।

केंद्रीय कपड़ा और रेलवे राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के साथ पूर्वोत्तर के लिए एक विकास योजना बनाई है और इसलिए सभी केंद्रीय मंत्री सरकार के कामकाज तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर प्रतिक्रिया लेने के लिए क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय की 'समर्थ' योजना क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कारीगरों को सशक्त बनाती है और रोजगार के अवसर प्रदान करती है। जरदोश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, नगालैंड के धनसिरिपार में बुनकरों के लिए समर्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन और फ्लाई शटल फ्रेम लूम का वितरण, बुनकरों के लिए एक नए युग की शुरुआत करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोगों को अपने उत्पाद बनाने के लिए प्रशिक्षण और कौशल की आवश्यकता है और इसके लिए मंत्रालय ने 100 से अधिक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। कारीगर अब नवीनतम उपकरणों के साथ आगे बढ़ सकते हैं।

## तप से जीवन में ज्ञान का प्रकाश होता है : मुनि राजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने बाह्यतप के विषय में समझाते हुए कहा कि तप से जीवन में ज्ञान का प्रकाश होता है ।

उन्होंने 6 प्रकार के बाह्य तप बताए। अणसण यानी चार प्रकार के आहार का त्याग करना, उसको बोलते है उपवास। जिस तप में मर्यादित समय के लिए या आजीवन के लिये आहार का त्याग किया जाता है उसे अनशन तप कहते है। थोड़े समय के लिए आहारादि का त्याग करना अर्थात् निश्चित समय पूरा होने के बाद भोजन की प्राप्ति करना, जैसे उपवास, एकासणा, आयंबिल आदि। मुनिश्री श्रमणपसागरजी म.सा ने कहा कि अरिहंत प्रभु की अष्टप्रकारी पूजा उत्कृष्ट भाव से करते है तो संसार की भवयात्रा कम होती है। गुरुवार को संघ में आचार्यश्रक्ष विनयसागरसूरीजी के 65वें जन्मदिवस पर गुरुगुण उत्सव का आयोजन किया गया है।

## पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं हृदय रोग के परिणाम : अध्ययन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत सहित 50 देशों के पंद्रह अध्ययनों के विश्लेषण के अनुसार, हृदय रोग के परिणाम पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

अनुसंधानकर्ताओं ने अपने विश्लेषण में पाया कि विसंगति महिलाओं में सीने में गैर-पारंपरिक दर्द के अलावा उल्टी, जबड़े में दर्द और पेट दर्द सहित अन्य लक्षणों की मौजूदगी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों या मरीजों द्वारा इन लक्षणों की अनजाने में या जानबूझकर अनदेखी किए जाने से बीमारी की पहचान और इसके उपचार में देरी हो जाती है। अमेरिका के मैसाचुसेट्स लोवेल विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर महदी ओ. गैरेलनबी ने कहा, हमने हृदय रोग की पहचान, उपचार और लक्षणों में पुरुषों और महिलाओं के बीच आश्चर्यजनक अंतर पाया।

उन्होंने कहा कि महिलाएं लक्षणों के दिखने के बावजूद पुरुषों के मुकाबले देरी से अस्पताल जाती हैं और चिकित्सक पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को अस्पताल में भर्ती करने से हिचकिचाते हैं।

## जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह राजमा, सुलाई शहद को मिला 'जीआई' का दर्जा

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के प्रसिद्ध भद्रवाह राजमा और रामबन के सुलाई शहद को भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा मिल गया है। अधिकारियों ने कहा कि जीआई का दर्जा मिलने के बाद क्षेत्र के इन लोकप्रिय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में मदद मिलेगी। जम्मू के संगठनों ने पिछले साल जम्मू क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आठ अलग-अलग पारंपरिक वस्तुओं के लिए जीआई टैग के लिए आवेदन किया था। कृषि उत्पादन एवं कृषक कल्याण निदेशक-जम्मू के के शर्मा ने कहा, डोडा और रामबन जिलों को आज दो भौगोलिक संकेतक मिले। एक भद्रवाह का राजमा है जिससे लाल सेम कहा जाता है। दूसरा शहद है। यह रामबन जिले का सुलाई शहद है। ये चिनाब घाटी के दो महत्वपूर्ण उत्पाद हैं।

# केरल के मंदिर में ओणम पर बंदरों को परोसा जाता है भोज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोल्लम (केरल)/भाषा।** केरल के एक मंदिर में ओणम के मौके पर बंदरों को पारंपरिक भोज परोसा जाता है। भोज में सभी पारंपरिक शाकाहारी व्यंजन, पाप्पड़, पायसम' (मिठाई), अचार और चावल शामिल होते हैं। इन्हें मंगलवार को यहां सस्थामकोटा में श्री धर्म सास्था मंदिर में ओणम के दिन केले के पत्तों पर बंदरों को परोसा गया।

'वानर भोजना शाला' (बंदरों के भोज के लिए समर्पित क्षेत्र) में केले के पत्ते पर आखिरी व्यंजन परोसे जाने तक बंदर धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करते हैं। इसके बाद वे एक-एक करके पेड़ों से नीचे उतरते हैं, उत्सुकता से चारों ओर देखते हैं और प्रत्येक पकवान में अपनी उंगलियां डुबोकर उन्हें चाटते हैं। मंदिर के एक अधिकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में रहने वाले बंदरों को 'ओणसद्य' (भोज) परोसने की प्रथा रामायण युग से चली आ रही है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ये कोई नई बात नहीं है। हम दशकों से ऐसा कर रहे हैं। मंदिर में हर दिन इन बंदरों को खाना खिलाया जाता है। ओणम के दिन स्वादिष्ट 'सद्य' परोसा जाता है। उन्होंने कहा कि लोग इस अनुष्ठान को शुभ मानते हैं और बहुत से लोग 'सद्य' को प्रायोजित करते हैं।

अधिकारी ने कहा, इस बार हमें ऐसे दो-तीन प्रायोजक मिल गए हैं। इसलिए, इस ओणम के दौरान इस तरह के अधिक भोज होंगे। श्रद्धालुओं का मानना है कि राम-रावण युद्ध के लिए श्रीलंका जाने के दौरान वानर सेना मंदिर आई थी।

## 'अच्छी संगत से ही मानव का कल्याण संभव'



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्रीजी की निश्रा में प्रियमंत्रान्जनाश्रीजी ने कहा कि ध्यान के लिए काया को स्थिर रखना चाहिए। साधना के समय के लिए वाणी का मौन रहना आवश्यक है। परमात्मा ने जब तक केवल ज्ञान नहीं हुआ, तब तक देशना नहीं दी, हमारे पास कुछ भी ज्ञान नहीं है फिर भी हम अहम भाव से भरे हुए है। जो व्यक्ति गुणी है उसका असर दूसरों पर भी पड़ेगा। अनादि काल से जीव किसी भी संगत के बगैर नहीं रहता, चाहे अच्छी संगत हो या बुरी संगत। अच्छे मित्र के संग रहने से, संगत करने से कल्याण हो जाता है। अच्छी संगत तीन प्रकार की है पहली साधु साध्वी की, दूसरी अच्छे मित्र की और तीसरी अच्छे किताब की। यह तीनों संगत अगर हमारे जीवन में रहेगी तो हमारा जीवन सुधर जाएगा।

साध्वीश्री ने कहा कि जो पड़ोसी धर्म के विपरीत हो वैसे मित्र को पसंद करने के बदले जो पड़ोसी धर्म में सहयोग देवे, वैसे पड़ोसी से मित्रता करनी। गुरु का संग मिले तो व्यक्ति ऋषि, महामुनि, बड़ा आदमी भी बन सकता है। अच्छी संगत के अभाव में जीवन बिगड़ सकता है, बुरी संगत से नीच गोत्र कर्म का बंध होता है। जबकि अच्छी संगत से अगले जन्म में देव मनुष्य के भव की प्राप्ति होती है। साधु जीवन निस्वार्थ होता है। हमें परमात्मा से यही प्रार्थना करनी है कि, हमें अच्छी संगत मिले जिससे नीच गति में जाना ना पड़े।

# महाराष्ट्र सरकार के पास धारावी मामले पर खामियों का बचाव करने के अलावा कोई विकल्प नहीं: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार के पास इसके सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा कि वह मुंबई की धारावी परियोजना अडाणी समूह को देने के अपने फैसले का बचाव करे क्योंकि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेशों का क्रियान्वयन करने के साथ अपनी खामियों को भी ढकना है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि मूल निविदा हासिल करने वाली कंपनी को दरकिनार कर अडाणी समूह को यह परियोजना सौंपी गई है।

उधर, महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय से कहा है कि मुंबई में धारावी झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजना के लिए 2022 में जारी की गई नई निविदा पूरी तरह पारदर्शी थी और सबसे ऊंची बोली लगाने वाले अडाणी समूह को इसमें किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं दिया गया। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री के आदेशों को क्रियान्वित करने और धारावी झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजना को उनके सबसे पसंदीदा कारोबारी को



सौंपने के बाद, अडाणी समूह को एक मूल्यवान अचल संपत्ति का नियंत्रण लेने में मदद करने के लिए संदिग्ध फैसले करने और खामियों का बचाव करने के अलावा महाराष्ट्र सरकार के पास कोई विकल्प नहीं बचा। उन्होंने दावा किया, धारावी परियोजना की मूल निविदा, जिसे दुबई स्थित एक कंपनी ने 7,200 करोड़ रुपए की बोली लगाकर जीता था, उसे रेलवे भूमि के हस्तांतरण से संबंधित मुद्दों के कारण 2020 में रद्द कर दिया गया था। लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा जारी की गई नई (2022) निविदा की शर्तों को अडाणी की मदद करने के लिए तैयार किया गया था, जो मूल निविदा में दूसरे स्थान पर आया था।

जयराम रमेश ने कहा, इसमें बोली लगाने वालों के लिए निर्धारित कुल संपत्ति को दोगुना कर 20,000 करोड़ रुपए करने का प्रावधान शामिल किया गया। विजेता को मूल रूप से निर्दिष्ट एकमुश्त भुगतान के बजाय किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी गई, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे अडाणी समूह को 5,069 करोड़ रुपए की बोली जीतने में मदद मिली। यानी मूल विजेता बोली की तुलना में 2,131 करोड़ रुपए कम बोली लगाई गई।

## दिल्ली में 'अमेजन' के प्रबंधक की गोली मार कर हत्या

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में ई-कॉमर्स कंपनी 'अमेजन' में वरिष्ठ प्रबंधक के तौर पर कार्यरत व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार की रात करीब साढ़े 11 बजे हुई।

पुलिस ने बताया कि सुभाष विहार में पांच अज्ञात लोगों ने हरप्रीत गिल (36) और उनके मामा गोविंद सिंह (32) पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि सिर में गोली लगने से घायल हुए गिल को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि गोविंद का उपचार किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय तिर्की ने बताया कि गोली गिल के सिर के दाहिनी ओर से कान के पीछे घुसी और दूसरी तरफ पार हो गई।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा, एक गोली उनके सिर के दाहिनी ओर से कान के पीछे घुसी और दूसरी तरफ से निकल गई।






# कर्नाटक में कांग्रेस के काम पूरे देश में दोहराए जाएंगे : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने कर्नाटक में लोगों से चुनाव से पहले किए गए प्रमुख वादों को पूरा किया है और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया नीत सरकार द्वारा किए गए 'कामों' को पूरे देश में दोहराया जाएगा। कर्नाटक में एक और प्रमुख चुनावी वादा पूरा करते हुए कांग्रेस सरकार ने बुधवार को 'गृह लक्ष्मी' योजना शुरू की जिसके तहत करीब 1.1 करोड़ महिलाओं को 2,000 रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार महाराजा कॉलेज मैदान में हुए एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर राहुल गांधी ने कहा, 'हम अपने वादों पर कायम हैं। हम कभी झूठे वादे नहीं करते हैं।' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'कर्नाटक में हमने जो काम किए हैं, उन्हें पूरे देश में दोहराया जाएगा।' 'गृह लक्ष्मी' योजना कांग्रेस की चुनाव से पहले दी गयी पांच गारंटी में से एक है। कांग्रेस ने मई में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर कर दिया था।

राहुल ने कहा, 'कर्नाटक में कांग्रेस की 'पांच गारंटी' महज योजनाएं नहीं बल्कि शासन का मॉडल है।' उन्होंने 'गृह लक्ष्मी' योजना को दुनिया की सबसे बड़ी नकद हस्तांतरण योजना भी कहा, जिसके तहत 2,000 रुपये सीधे लाखों महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए जाएंगे।

गांधी ने कहा कि 'शक्ति' योजना के तहत महिलाएं कर्नाटक में कहीं भी सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकती हैं। जबकि 'गृह ज्योति' योजना के तहत प्रति माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जाती है। 'अन्न भाग्य' योजना 10 किलो चावल प्रदान किए जाते हैं, जबकि 'युवा निधि' योजना के तहत ऐसे बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को क्रमशः 3,000 रुपये और 1,500 रुपये प्रति माह देने का वादा है, जो 2022-23 शैक्षणिक वर्ष में परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के छह महीने के बाद भी नौकरी पाने में विफल रहे हैं। गांधी ने कहा, 'युवा निधि' योजना को छोड़कर, चार गारंटी (शक्ति, गृह लक्ष्मी, गृह ज्योति और अन्न भाग्य) राज्य की महिलाओं के लिए हैं। इन चार गारंटियों के पीछे एक गहरी सोच है। कांग्रेस सांसद गांधी ने कर्नाटक की महिलाओं की तुलना पेड़ की जड़ों से करते हुए कहा कि अगर जड़ें मजबूत हों तो पेड़ किसी भी तूफान को झेल सकता है। गांधी ने कहा कि पिछले साल अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान कर्नाटक में 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान उन्हें एहसास हुआ कि महिलाएं देश में महंगाई से नाराज हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों ने कांग्रेस को ये गारंटी देने के लिए प्रेरित किया था। केंद्र में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इन दिनों एक 'फैशन' है कि दिल्ली में 'सरकार' केवल अरबपतियों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा, 'हमारी सोच यह है कि सरकार को गरीब लोगों के कल्याण के लिए काम करना चाहिए।'

खरगे ने कहा कि भारत में किसी भी सरकार ने ऐसी कोई योजना शुरू नहीं की है और हर कोई इसे अपने राज्य में लागू करने का इच्छुक है।





## पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी बेंगलूरु के अस्पताल में भर्ती

बेंगलूरु। पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के वरिष्ठ नेता एच.डी. कुमारस्वामी को बुधवार सुबह बुखार की शिकायत के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि कुमारस्वामी को पिछले सप्ताह व्यस्त गतिविधि के चलते बुखार और थकान हो गई। वह लगातार बैठकों में शामिल रहे और पिछले हफ्ते उन्होंने अपने अभिनेता से नेता बने बेटे निखिल कुमारस्वामी के लिए एक फिल्म बनाने की घोषणा की थी। पार्टी कार्यकर्ता और परिवार के सदस्य चिंतित हैं क्योंकि कुमारस्वामी की पहले एक बड़ी हार्ट सर्जरी हुई थी। डॉक्टरों ने आश्वासन दिया है कि चिंता की कोई बात नहीं है और वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर उनके शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की।

## आईआईए ने 'आदित्य-एल1' मिशन के वीईएलसी उपकरण का डिजाइन तैयार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (आईआईए) ने मंगलवार को कहा कि उसने 'विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ' (वीईएलसी) का डिजाइन तैयार करने के साथ ही इसका संयोजन और परीक्षण किया है, जो सूर्य के अध्ययन के लिए भारत के पहले समर्पित वैज्ञानिक मिशन 'आदित्य-एल1' के सात उपकरणों में से एक है। इसरो दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण करने के लिए तैयार है। आईआईए ने एक बयान में कहा, आईआईए को वीईएलसी का संयोजन करने के लिए होसाकोटे में अपने क्रेस्ट परिसर में भारत का पहला बड़ा आकार का 'क्लास टू क्लीन रूम' बनाना था।

सूर्य के व्यापक अध्ययन और अवलोकन के लिए उपग्रह अपने साथ छह अन्य उपकरण भी ले जाएगा जिनमें सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी), आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरीमेंट (एएसपीईएक्स), प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए), सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एसओएलईएक्सएस), हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एचईएल1ओएस), और मैग्नेटोमीटर, शामिल हैं। आईआईए ने कहा, इससे पहले, इस मिशन की कल्पना एक उपकरण-विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) ले जाने वाले 400 किलोग्राम वर्ग के उपग्रह के साथ आदित्य-1 के रूप में की गई थी, और इसे 800 किमी नीची, पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित करने की योजना बनाई गई थी। इसने कहा कि सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के पहले 'लैग्रेन्जियन बिंदु' (एल 1) के आसपास प्रभामंडल कक्षा में रखे गए उपग्रह को बिना किसी बाधा/ग्रहण के सूर्य को लगातार देखने का बड़ा फायदा होता है। आईआईए ने कहा कि इसलिए, 'आदित्य-1' मिशन को अब 'आदित्य-एल1' मिशन के रूप में संशोधित किया गया है और इसे एल1 के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से सूर्य की ओर 15 लाख किलोमीटर दूर है। इसने कहा कि उपग्रह द्वारा किए गए वैज्ञानिक अध्ययन सौर परिमंडल की वर्तमान समझ को बढ़ाएंगे और अंतरिक्ष मौसम अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण डेटा भी प्रदान करेंगे। भारत ने हाल में तब इतिहास रच दिया जब चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' की। चंद्र अन्वेषण जारी रहने के बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सूर्य का भी अध्ययन करने का निर्णय लिया।

### इसरो ने 'आदित्य-एल1' सूर्य मिशन के प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास पूरा किया

सूर्य का अध्ययन करने से संबंधित 'आदित्य-एल1' मिशन के बारे में अद्यतन जानकारी देते हुए इसरो ने बुधवार को कहा कि प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास और रॉकेट की आंतरिक पड़ताल पूरी हो चुकी है। इस मिशन को दो सितंबर को पूर्वाह्न 11.50 बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना है। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को सूर्य के परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अध्ययन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह सूर्य के अध्ययन के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ऐसे समय अंजाम देने जा रहा है जब हाल ही में इसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' कराकर देश को गौरवान्वित करने वाला इतिहास रच दिया है। आदित्य-एल1 को पीएसएलवी-सी57 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रक्षेपण की तैयारियां प्रगति पर हैं। प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास-रॉकेट की आंतरिक पड़ताल पूरी हो गई है। आदित्य-एल1 मिशन का उद्देश्य 'एल1' के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। इसमें विभिन्न तरंग बैंडों में सूर्य के प्रकाशमंडल, वर्णमंडल और सबसे बाहरी परत-परिमंडल का निरीक्षण करने के लिए सात उपकरण लगे होंगे। इसरो के एक अधिकारी ने कहा, आदित्य-एल1 राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी वाला पूर्णतः स्वदेशी प्रयास है।

## 'चुनावी घोषणापत्र का पर्याप्त कार्यान्वयन राजधर्म है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। चुनावी घोषणापत्र का पर्याप्त कार्यान्वयन किसी भी सरकार की प्राथमिकता है। इसके मुताबिक, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि हमारी सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना लागू की है। वह बुधवार को सरकार की महत्वाकांक्षी चौथी गारंटी गृहलक्ष्मी योजना के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि अब तक किसी भी सरकार ने वादे के मुताबिक काम नहीं किया है। हमें विश्वास है कि हमारी सरकार अगले 5 वर्षों में जनता से किये गये वादों को पूरा करेगी। हमने जनता को पांच गारंटी दी थी। जिसमें से चौथी गारंटी के रूप में 'गृह लक्ष्मी' योजना का आज शुभारंभ हुआ है। वहीं गृहज्योति, शक्ति योजना एवं अन्न भाग्य योजना सरकार ने पहले ही चालू कर दी हैं।

कर्नाटक में सिद्दरामैया के नेतृत्व में दूसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी सरकार में 100 दिन की उपलब्धि को दर्शाते हुए एक पुस्तिका का विमोचन किया।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। इस मौके पर कार्यक्रम में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी, राज्यसभा सदस्य और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, केसी वेणुगोपाल, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मैसूर जिले के प्रभारी मंत्री और समाज कल्याण मंत्री डॉ. एचसी महादेवप्पा, मंत्री कृष्णबीर गौड़ा, लक्ष्मी हेब्बालकर, बैराती सुरेश, चेलुवरायस्वामी, के.एच.मुनिस्वामी, डॉ.जी.परमेश्वर, के.एन.राजन्ना, पी.नरेंद्रस्वामी, बोसराजू आदि विधायक उपस्थित थे।



## चंद्रयान-3 मिशन : प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की तस्वीर खींची

चेन्नई/दक्षिण भारत। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव में उतरने के बाद प्रज्ञान रोवर द्वारा खींची गई विक्रम लैंडर की बुधवार को तस्वीर जारी की। यह तस्वीर रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) द्वारा ली गई है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के आधिकारिक हैंडल पर कहा, चंद्रयान -3 मिशन: कृपया मुस्कुराएं! प्रज्ञान रोवर ने आज सुबह विक्रम लैंडर की एक तस्वीर क्लिक की। 'मिशन की तस्वीर' रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) ने ली है। चंद्रयान-3 मिशन के लिए नवकैम को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम प्रयोगशाला (एलईओएस) द्वारा विकसित किया गया है। प्रणोदन मॉड्यूल से अलग होने के बाद 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर विक्रम लैंडर सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतरा। कुछ घंटों के बाद विक्रम के अंदर से रोवर प्रज्ञान बाहर निकला और चहलकदमी शुरू कर दी। एलईओएस ने चंद्रयान-3 रोवर पर लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईबीएस) उपकरण भी विकसित किया है, जिसने दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा की सतह की मौलिक संरचना पर पहली बार इन-सीटू माप किया है। आज यानी 30 अगस्त को प्रज्ञान का चांद पर 8वां दिन है। इसरो ने चंद्रयान-3 के जरिए बड़ी खोज की है। रोवर प्रज्ञान के पेलोड ने चांद पर ऑक्सीजन और सल्फर समेत अन्य पदार्थों की मौजूदगी का पता लगाया है। प्रज्ञान ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में एल्यूमीनियम, सल्फर, कैल्शियम, लोहा, क्रोमियम और टाइटेनियम सहित कई रासायनिक पदार्थों की उपस्थिति की खोज की है और हाइड्रोजन की खोज जारी है।

## ज्ञाननंदा को उपहार में 'एक्सयूवी 400' देंगे आनंद महिंद्रा

चेन्नई/नई दिल्ली। फिडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने वाले युवा भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा के माता-पिता के सपने को पूरा करते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने अपनी कंपनी का इलेक्ट्रिक वाहन एक्सयूवी 400 उपहार में देने की घोषणा की है। महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रज्ञाननंदा के परिवार को यह इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी की तरफ से भेंट किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी कार विनिर्माता का असली लक्ष्य लोगों के सपने को पूरा करना होता है। प्रज्ञाननंदा महज 18 साल की उम्र में पिछले हफ्ते विश्व शतरंज चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचने में सफल रहे थे। हालांकि वह खिताबी मुकाबले में विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन से हार गए लेकिन उन्होंने अपने शानदार खेल से सबको अपना मुरीद बना लिया।

### प्रदर्शन



बेलगावी में बुधवार को सौजन्या की हत्या के मामले में दोबारा जांच और विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग को लेकर बेलगावी और ओडानाडी संस्थान, मैसूरु के प्रगतिशील संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बेलगावी में प्रदर्शन किया।

## फोनपे ने लॉन्च किया स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म

बेंगलरु। डिजिटल भुगतान सहित फिनटेक सेवायें देने वाली कंपनी फोनपे ने आज अपनी सहयोगी कंपनी वेल्थ ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ स्टॉक ब्रोकिंग में कदम रखा है। कंपनी ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि उसने शेयर (डॉट) मार्किट के ज़रिए स्टॉक ब्रोकिंग में नई शुरुआत की है। शेयर (डॉट) मार्किट पर डिस्काउंट ब्रोकिंग की सुविधा मिलेगी। साथ ही, बाज़ार के उतार-चढ़ाव की जानकारी, आंकड़े आधारित शोध वेल्थबास्केट और आसानी से इस्तेमाल किया जा सकने वाला तकनीक से जुड़ा मंच मिलेगा। निवेशकों और व्यापारियों को इस वेब प्लेटफॉर्म पर शानदार अनुभव मिलेगा। स्टॉक खरीदने, इंट्रा डे ट्रेडिंग, क्यूरेटेड वेल्थबॉस्केट और म्युचुअल फंड जैसे सभी विकल्पों के लिए यह बेहतरीन जगह है। सेबी की पहल है कि स्टॉक ब्रोकिंग की शुरुआत (ऑनबोर्डिंग), आधार/वीडियो केवाईसी की मदद से आसान बनाया जा सके। साथ ही, कम समय में सेटलमेंट या निपटान, ग्राहकों के फंड की सुरक्षा जैसी सुविधाओं की बदौलत रिटेल निवेशकों की संख्या में भारी इज़ाफ़ा हुआ है। ये रिटेल निवेशक अपने पैसे बढ़ाने के लिए स्टॉक मार्केट में भरोसा जता रहे हैं।

## टर्मिनल-दो से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन आज से

बेंगलूरु। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बेंगलूरु (बीएलआर एयरपोर्ट के टर्मिनल-दो से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन 31 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। बेंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लि. (बायल) ने बुधवार को बयान में कहा कि सिंगापुर से बेंगलूरु के बीच सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसक्यू508/एसक्यू509 के यात्री सबसे पहले नए टर्मिनल के अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र का अनुभव कर पाएंगे। इसके साथ ही टर्मिनल-दो से पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने वाला भारतीय विमान इंडिगो का होगा जो कोलंबो के लिए रवाना होगा। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आगमन और प्रस्थान 31 अगस्त सुबह 10 बजकर 45 मिनट से टर्मिनल-एक के बजाय टर्मिनल-दो से शुरू हो जाएगा। इस टर्मिनल से 27 एयरलाइंस (25 अंतरराष्ट्रीय और दो भारतीय) की 30 से 35 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोजाना प्रस्थान करेंगी। बायल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरि मरार ने कहा, 'टर्मिनल-दो से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन शुरू करने के साथ ही बेंगलूरु हवाई अड्डा एक और उपलब्धि हासिल कर लेगा।

# टोंक में मंदिर के पुजारी की हत्या, विरोध में बाजार बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में टोंक जिले के डिग्गी टाउन में भूरिया महादेव बाबा धाम के 93 वर्षीय पुजारी महंत सियाराम दास महाराज की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि पुजारी की हत्या मंगलवार रात को की गई। बुधवार को जब स्थानीय लोग पूजा करने के लिए मंदिर गए तो उन्हें शव मिला और देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। लोगों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंदिर के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा मौके पर पहुंचे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पुजारी पिछले 50 वर्षों से डिग्गी स्थित प्राचीन भूरिया महादेव बाबा धाम में पूजा करते थे। वह मंदिर में अकेले रहते थे। महंत की हत्या की खबर शहर में फैलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। लोगों में रोष व्याप्त हो गया और वे नारेबाजी करते हुए मंदिर के बाहर धरने पर बैठ गए और बाजार बंद करा दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से सुराग ढूंढने के लिए डॉग स्क्वायड को बुलाया गया है।

एसपी वर्मा ने कहा कि यह हत्या है। टीम गठित कर हत्यारों की तलाश की जा रही है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, ''यह बेहद दुखद है कि टोंक क्षेत्र के महंत संत सियाराम दास बाबा जी की निर्मम हत्या कर दी गई। राजस्थान में साधु-संत अपराधियों के निशाने पर क्यों हैं?'' ऐसा देश में कहीं और देखने को नहीं मिला। संत समाज की उपेक्षा गहलोत सरकार की तुष्टीकरण नीति का हिस्सा है। कांग्रेस अपना वोट बैंक बनाए रखने के लिए साधु-संतों को परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देती है।

बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष और टोंक सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने गहलोत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रशासन सिर्फ सरकार के प्रचार-प्रसार में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण मालपुरा क्षेत्र में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

## रक्षाबंधन के अवसर पर कारागृह में बंदियों को बांधी राखी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के केन्द्रीय कारागृह में रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार पर बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर बहन-भाई के रिश्ते को मजबूती प्रदान की। अजमेर केन्द्रीय कारागृह प्रबंधन ने जेल के मुख्य द्वार पर राखी के लिए आने वाली बहनों के लिये खास बंदोबस्त किए और किसी को भी निराश नहीं किया। राखी बांधने दूरदराज से आई कई बहनें राखी बांधने के बावजूद निराश नजर आई और उनकी आंखें भी नम हो गई। जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने बताया कि इस बार जेल में बंद कैदी भाईयों और राखी बांधने आई बहनों को मायूस नहीं होने दिया गया। उन्होंने बताया कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के महत्वपूर्ण इस त्यौहार पर सभी आनेवाली बहनों को रक्षासूत्र बांधने का मौका दिया गया। इधर, अजमेर स्थित प्रदेश की एकमात्र हाई सिक्योरिटी जेल में भी राखी का त्यौहार मनाने के समाचार हैं लेकिन हार्डकोर अपराधियों के चलते कैदी भाईयों पर सख्ती है । केन्द्रीय कारागृह में सुरक्षा की दृष्टि से आने वाली बहनों के साथ होनेवाले सामान की भी तलाशी ली जा रही है लेकिन किसी भी आगन्तुक बहन को अपने कैदी भाई के हाथ की कलाई पर राखी बांधने का मौका दिया जा रहा है।

# कुचामन में दो युवकों की हत्या के मामले में तीन संदिग्ध पकड़े गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कुचामनसिटी के राणासर गांव में रक्षाबंधन के पर्व पर अपने घर लौटे दलित समाज के दो युवकों की बदमाशों द्वारा गाड़ी से कुचलकर हत्या किये जाने के विरोध में थाने के बाहर चल रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल होते नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़।

जयपुर। राजस्थान के कुचामन जिले में वाहन से कुचल कर दो युवकों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर से आला अधिकारी को घटनास्थल पर भेजा गया है। प्रवक्ता के अनुसार, राज्य सरकार ने कुचामन में दो दलित युवकों की हत्या के मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी-क्राइम) दिनेश एमएन कुचामन गए हैं। इसके अनुसार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया है ।

उल्लेखनीय है कि सोमवार रात कुचामन के राणासर गांव के पास एक गाड़ी से कुचलकर दो युवकों की हत्या कर दी गई थी। बाइक पर तीन युवक सवार थे और बाइक को वाहन से कई बार टक्कर मारी गई जिससे दो युवकों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, घटना में परबतसर के बिदियाद गांव के निवासी राजू और चुन्नीलाल की मौके पर मौत हो गई। तीसरा युवक कृष्णाराम गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका जयपुर में इलाज चल रहा है। रेंज की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) लता मनोज कुमार सहित आला अधिकारी घटनास्थल पर हैं और पुलिस आरोपियों की तलाश के लिए पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि तीनों रात के खाने के लिए एक होटल में रुके थे, जहां उनका कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। बाद में इन लोगों ने अपनी कार से बाइक को टक्कर मारी। परिजनों की शिकायत के बाद कुचामन थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले कुचामन के थानाधिकारी सुरेश कुमार ने मंगलवार को बताया, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है। परिवार के सदस्यों की शिकायत के बाद हमने हत्या का मामला भी दर्ज कर लिया है।

## दो दिन रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

जयपुर। राजस्थान में महिलाएं व बच्चियां इस रक्षाबंधन के अवसर पर लगातार दो दिन सरकार (रोडवेज) की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को यह घोषणा की। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, रक्षाबंधन का मुहूर्त रात्रिकालीन होने के कारण हमारी बहन, बेटियां और माताएं आज के साथ साथ कल भी यात्रा करेंगी। इसको ध्यान में रखकर इस वर्ष रक्षाबंधन के पर्व पर 30 अगस्त के साथ 31 अगस्त को भी बालिकाओं व महिलाओं हेतु राजस्थान राज्य परिवहन निगम की समस्त श्रेणी की बसों में संपूर्ण राज्य में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। इससे पहले घोषणा की गई थी कि महिलाएं-बालिकाएं रक्षाबंधन पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (आरएसआरटीसी) की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री गहलोत ने इनकी निःशुल्क यात्रा के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।



## पहला गारंटी कार्ड पाने वाली लाभार्थी ने गहलोत को राखी बांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार की ओर से पहला गारंटी कार्ड और 500 रुपए का पहला घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने वाली महिला लाभार्थियों ने रक्षाबंधन के अवसर पर बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। प्रवक्ता के अनुसार, जयपुर के महापुरा की रहने वाली पूजा देवी व सरजू देवी ने मुख्यमंत्री निवास में गहलोत को राखी बांधकर महंगाई राहत शिविरों एवं इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

प्रवक्ता ने बताया, इस अवसर पर दोनों लाभार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की इन योजनाओं से उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला है और आमजन को राहत पहुंचाने वाली ये योजनाएं जारी रहनी चाहिए।

गहलोत ने महिलाओं को रक्षाबंधन के अवसर पर दी गई रोडवेज बस किराये में शत-प्रतिशत छूट को 31 अगस्त तक जारी रखने की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुनीता गहलोत व पुत्री सोनिया गहलोत अनखड़ भी उपस्थित रहीं।

वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों एवं एसओएस बालग्राम के बच्चों ने राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र को राखी बांधी। राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# राजस्थान की जनता अशोक गहलोत सरकार और उसकी योजनाओं से खुश : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बुधवार को दावा किया कि राज्य की जनता अशोक गहलोत सरकार तथा उसकी योजनाओं से खुश है और यहां कांग्रेस की सरकार ही रहेगी। इसके साथ ही डोटासरा ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी की प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा 'सुपर फेल' साबित होगी। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को भी बड़ी संख्या में संभावित उम्मीदवार अपना बायोडेटा लेकर घूमते देखे गए।



जयपुर में गुरुवार को किसान नेता और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्व. नाथूराम मिर्धा की पुण्यतिथि पर पीसीसी में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा व अन्य।

भाजपा की प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा के बारे में पूछे जाने पर डोटासरा ने कहा, भाजपा की 'आक्रोश यात्रा' फेल हो गई, यह परिवर्तन यात्रा 'सुपरफेल' होगी क्योंकि यह वर्चस्व की लड़ाई है, कोई यात्रा नहीं। डोटासरा ने आगे कहा, लेकिन राजस्थान में सरकार का परिवर्तन जनता नहीं करेगी। वह सरकार से खुश है, उसकी योजनाओं से खुश है। कांग्रेस पार्टी के तमाम कार्यकर्ता खुश हैं और जोश में हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और भाजपा ने राजस्थान में चार परिवर्तन यात्राएं निकालने की घोषणा की है जिसमें पहली यात्रा की शुरुआत दो सितंबर को रणथम्भौर (सवाईमाधोपुर) से होगी। डोटासरा ने केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार जिस तरह से संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, लोगों को कुचलने की चेष्टा कर रही है उसकी देश में ही नहीं विदेशों में भी चर्चा है कि क्या भारत में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। क्योंकि लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में आगामी चुनाव के संभावित प्रत्याशियों की भीड़ उमड़ने पर उन्होंने कहा कि चुनावी मौसम है और लोगों में बहुत उत्साह है। उन्होंने कहा हमारी स्क्रीनिंग कमेटी के लोग लगातार कार्यकर्ताओं व प्रमुख नेताओं से मिल रहे हैं। कल वे बांसवाड़ा व उदयपुर संभाग के लोगों से मिलेंगे। सबसे फीडबैक ले रहे हैं। अच्छी बात यह है कि सब देख रहे हैं सरकार को लेकर सत्ता विरोधी लहर नहीं है। सरकार की योजनाओं के कारण लोगों में उत्साह है। अभी कांग्रेस के पक्ष में अच्छा माहौल है। उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष गौरव गोगोई की अध्यक्षता वाली पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी यहां संभागवार नेताओं के साथ मुलाकात कर ही है। समिति ने मंगलवार को यहां अजमेर, बीकानेर, सीकर और जयपुर संभाग के पार्टी नेताओं के साथ आमने सामने बैठक की।

## 'सरकार को तनाव के शिकार छात्रों की मदद करनी चाहिए'

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस-नीत सरकार को 'कोचिंग संस्थानों पर पाबंदी लगाने' के बजाय बेरोजगार युवाओं और तनाव के शिकार छात्रों के हित में निर्णय लेना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि अगर राज्य सरकार युवाओं के लिए बेहतर व्यवस्था नहीं कर सकती तो कम से कम इस मुद्दे पर असंवेदनशील बयान नहीं देना चाहिए। कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे दो छात्रों ने रविवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों के अनुसार, इस साल 22 छात्रों ने आत्महत्या की है। यह किसी भी साल की सबसे बड़ी संख्या है। पिछले साल 15 छात्रों ने आत्महत्या की थी। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) मंत्री महेश जोशी ने सोमवार को कहा था कि देश में कोचिंग संस्थानों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

## प्रदर्शन




श्री गंगानगर में बुधवार को गंगनहर में पानी की मांग को लेकर हज़ारों किसानों ने राजस्थान व पंजाब सरकार के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया। किसानों के इस विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़,, अनूपगढ़ विधायक श्रीमती संतोष बावरी, सूरतगढ़ विधायक रामप्रताप कासनियां, रायसिंहनगर विधायक बलबीर लूथरा, श्रीगंगानगर जिला अध्यक्ष शरण पाल सिंह ने किसानों की आवाज को बुलंद किया।

## राजस्थान की बदहाली से बहुत डरावने हो गए हैं हालात : पूनिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डा सतीश पूनिया ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर राजस्थान की बदहाली का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके शासन में राजस्थान की बदहाली एवं अराजकता से बहुत डरावने हालात हो गये हैं। डा पूनिया ने कुचामन सिटी क्षेत्र में दो दलित युवकों की हत्या के मामले में अपनी प्रतिक्रिया में बयान जारी कर यह बात कही। अक्सर थानों पर पंचलाइन लिखी होती है कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय, इसके उलट राजस्थान में हुआ है और अपराधों की लगातार फेहरिस्त बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि सात हत्याएं प्रतिदिन यह राजस्थान की कांग्रेस सरकार के शासन की बानगी है, राजस्थान इस समय सर्वाधिक अपराधग्रस्त राज्य है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति ना घर में सुरक्षित है, ना सड़क पर सुरक्षित है, कुचामन क्षेत्र में जिस तरीके से कुचलकर दो नौजवानों की हत्या की गई, उस समाज का और शासन का एक दृश्य साफ दिखाई देता है। राज्य में पौने पांच वर्षों में 11 लाख मुकदमों की बानगी यह स्पष्ट तौर पर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को पुख्ता करती है। डा पूनिया ने कहा कि सरकार के गृहमंत्री अशोक गहलोत की सरपरस्ती में जिस तरीके से कानून व्यवस्था की बदहाली हुई है।



## मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को 'भ्रष्ट' कहने पर घिरे बीजेपी विधायक कैलाश मेघवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा नेतृत्व ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को सार्वजनिक रूप से भ्रष्ट नेता कहने पर पार्टी विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल को नोटिस भेजा है। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर प्रदेश अनुशासन समिति ने शाहपुरा (भीलवाड़ा) विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दस दिन में जवाब मांगा है। नोटिस में लिखा है, इस तरह के बयान से आपने बीजेपी की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है।

यह पार्टी के संविधान के अनुसार अनुशासन उल्लंघन की परिभाषा के तहत आता है। मेघवाल ने केंद्रीय मंत्री को भ्रष्ट नंबर एक कहा था, उन्होंने कहा था कि वह पीएम मोदी को पत्र लिखकर उन्हें कैबिनेट से निष्कासित करने की मांग करेंगे। उन्होंने कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बेहतर मुख्यमंत्री तक बता दिया।

मेघवाल की नाराजगी के पीछे जाहिर तौर पर इस बार शाहपुरा से टिकट कटने की आशंका है। उन्होंने यह बयान सोमवार को शाहपुर के कोठिया गांव में मंसूरी समाज के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए दिया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तारीफों के पुल बांधने से उनके जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं।

# 'छोटा बेटा अशुभ था, इसलिए मार डाला'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

झालावाड़ । राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक पिता ने अपने 13 महीने के बेटे की हत्या कर दी। मासूम को गला दबाकर मारने के बाद आरोपी घर में ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया, इसके बाद हुई पूछताछ में आरोपी ने जो बताया वह सुनकर पुलिस वाले भी हैरान हो गए। आरोपी ने कहा कि बेटा उसके लिए अशुभ था। उसके पैदा होने के बाद से लगातार परेशानियां सामने आ रहीं थी। वह बीमार रहने लगा था और कर्ज भी हो गया था। इसी के चलते उसने बेटे की हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार मामला झालावाड़ के खानपुर कस्बे का है। मूलत: मध्यप्रदेश के नीमच का रहने वाला अब्बास अली बोहरा लंबे समय अपने परिवार के साथ यहां रह रहा है। सोमवार को खानपुर कस्बे की एक मस्जिद में एक कार्यक्रम था। अब्बास की पत्नी यास्मीन और बड़ा बेटा वहां चले गए, लेकिन बीमारी का बहना बनाकर अब्बास घर ही रुक गया। उसके घर रुकने के कारण यास्मीन 13 महीने के बेटे को भी घर पर ही छोड़ गई। इस दौरान अब्बास ने 13 महीने के बेटे का गला घोंट दिया। बेटे की हत्या करने के बाद आरोपी अब्बास ने मकान में ताला लगाया और फिर फरार हो गया। एक-दो घंटे बाद यास्मीन बड़े बेटे के साथ मस्जिद से घर लौटी तो उसने गेट में ताला लगा देखा। उसने अपने पति अब्बास को कॉल किया, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। यास्मीन को बाहर खड़ा देखकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। कुछ देर अब्बास का इंतजार करने के बाद उन्होंने ताला तोड़ दिया। यास्मीन अंदर पहुंची तो उसका 13 महीने का बेटा मृत पड़ा हुआ था। जिसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को लेकर जानकारी ली। वहीं, मृतक बच्चे के मामा की शिकायत पर आरोपी पति अब्बास के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को रामगजमडी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 13 महीने का बेटा उसके लिए अशुभ था। उसके पैदा होने के बाद से कुछ भी सही नहीं रह रहा था। वह बीमार रहने लगा था, कोई भी काम करने पर उसे कोई फायदा नहीं हो रहा था। इसके कारण लगातार कर्ज बढ़ता जा रहा था।



## क्या सीसीपी से समझौते के चलते राहुल सुरक्षा बलों के मनोबल को ठेस पहुंचाते हैं : भाजपा

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए कांग्रेस और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के बीच 2008 के एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का मुद्दा उठाया और सवाल किया कि क्या इसी समझौते की वजह से उन्हें भारत के हितों के खिलाफ काम करने तथा भारतीय सुरक्षा बलों के मनोबल को ठेस पहुंचाने की जरूरत पड़ती है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया का यह बयान राहुल के उस आरोप को दोहराने के कुछ घंटे बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लद्दाख गतिरोध के शुरुआती हफ्तों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कहना कि चीन ने भारतीय क्षेत्र के किसी भी हिस्से पर कब्जा नहीं किया है, पूरी तरह झूठ' है। राहुल ने संवाददाताओं से कहा, पूरा लद्दाख जानता है कि चीन ने हमारी जमीन हड़प ली है।

इस पर पलटवार करते हुए भाटिया ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान चीन ने भारत की 43,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक जमीन पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से सवाल किया कि क्या वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री को 'गद्दार' मानते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल ने हाल में 'गद्दार' शब्द का इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया था, जिन्होंने 'भारत माता का एक हिस्सा' चीन को दे दिया। भाटिया ने कहा कि राहुल को कांग्रेस और सीसीपी के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के विवरण का खुलासा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा दावा किया जा रहा कि समझौते के अनुसार उन्हें (राहुल) भारत के खिलाफ 'जासूसी' करने और भारतीय सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने की आवश्यकता है।

## इलाज के नाम पर विक्षिप्त बच्चों के अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट पर डालने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

**नोएडा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर-20 थाना क्षेत्र के सेक्टर-30 में एक डॉक्टर को विक्षिप्त बच्चों का इलाज करने के नाम पर उनका अश्लील वीडियो बनाने और इंटरनेट पर डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरिश चंदर ने बताया कि सेक्टर-20 थाना पुलिस ने मंगलवार रात एक सूचना के आधार पर डॉ. गुरदीप सिंह को गिरफ्तार किया, जो सेक्टर-30 में क्लीनिक चलाता है और विक्षिप्त बच्चों का इलाज करता है। चंदर के मुताबिक, सिंह ने 10 से 11 साल की कई विक्षिप्त बच्चियों की नग्न तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित कीं। उन्होंने बताया कि सिंह इन बच्चियों के परिजनों को ब्लैकमेल भी करता है। चंदर के अनुसार, घटना की सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार को आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया।

## नमाज के लिए रास्ते में बस रोकने के आरोप में बर्खास्त रोडवेज परिचालक का शव मिला

**मैनपुरी (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** मुस्लिम यात्रियों को कथित रूप से नमाज पढ़ने देने के लिए बीच रास्ते में रोडवेज की बस रोकने का वीडियो वायरल होने के बाद बर्खास्त संविदा परिचालक का शव संदिग्ध हालात में मैनपुरी के घिरोर क्षेत्र में ट्रेन की पटरी पर मिला है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। परिजनों का आरोप है कि नौकरी से बर्खास्त होने के बाद परिचालक मोहित यादव अवसाद में था और आशंका है कि उसने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में संविदा पर परिचालक के पद पर तैनात रहे मोहित यादव (30) का शव रविवार रात घिरोर थाना क्षेत्र के कोसमा स्टेशन के पास संदिग्ध परिस्थितियों में रेल की पटरी पर मिला था। मोहित के छोटे भाई रोहित ने 'पीटीआईभाषा' को बताया कि उसका भाई इसी साल तीन जून को बरेली से कौशांबी जा रही एक बस पर परिचालक की ड्यूटी कर रहा था। उसने बताया कि मोहित को एक वीडियो वायरल होने के बाद बर्खास्त कर दिया गया था। मोहित पर आरोप था कि उसने कुछ यात्रियों को नमाज पढ़ने देने के लिए रास्ते में बस रोकी थी।

रोहित के मुताबिक, उसका भाई अपनी बर्खास्तगी के बाद से अवसाद में था और आशंका है कि उसने इसी से परेशान होकर कोसमा स्टेशन से गुजर रही कालिंद्री एक्सप्रेस से कटकर आत्महत्या कर ली।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि में 10 हजार रुपए की बढ़ोतरी की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि में 10 हजार रुपए की बढ़ोत्तरी का बुधवार ऐलान किया। यह वृद्धि अगले वित्तीय वर्ष से लागू होगी।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि योगी आदित्यनाथ ने 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला' योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, डबल इंजन सरकार वित्तीय वर्ष 2024-2025 से कन्या सुमंगला योजना की राशि को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 रुपए करने जा रही है। उन्होंने कहा, इससे राज्य की बेटियों के लिए अपने सपनों को साकार करना और शिक्षित होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनना आसान हो जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा, शुरुआत में इस योजना के तहत छह चरणों में 15,000 रुपए दिए गए। अब अगले साल से बेटी का जन्म होते ही पांच हजार रुपए की राशि उसके माता-पिता के खाते में भेज दी जाएगी। जब बेटी एक वर्ष की हो जाएगी तो दो हजार रुपए की राशि अंतरित की जाएगी।

उन्होंने कहा, जब वह पहली कक्षा में प्रवेश करेगी तो तीन हजार रुपए दिए जाएंगे। इतनी ही धनराशि छठी कक्षा में दाखिला लेने पर दी जाएगी। नौवीं कक्षा में पहुंचने पर पांच हजार रुपए दिए जाएंगे और अगर बेटी स्नातक, कोई डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स करती है तो सात हजार रुपए उसके खाते में भेजे जाएंगे।

## बसपा अपने बलबूते लड़ेगी लोकसभा और चार राज्यों का विधानसभा चुनाव : मायावती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत चार राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव और अगला लोकसभा चुनाव अपने बलबूते लड़ने का ऐलान किया।

मायावती ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, एनडीए (भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) और इण्डिया (विपक्षी दलों का गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन अधिकतर गरीब-विरोधी जातिवादी, साम्प्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक व पूंजीवादी नीतियों वाली पार्टियाँ हैं जिनकी नीतियों के विरुद्ध बसपा अनवरत संघर्षरत है और इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। अतः मीडिया से अपील-नो फेक न्यूज प्लीज़। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, बसपा, विरोधियों के जुगाड/जोड़तोड़ से ज्यादा समाज के टूटे/बिखरे हुए करोड़ों उपेक्षितों को आपसी भाईचारा के आधार पर जोड़कर उनके गठबंधन से सन् 2007 की तरह अकेले आगामी लोकसभा चुनाव तथा चार राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती ने आगे कहा, वैसे तो बसपा से गठबंधन के लिए यहाँ सभी आतुर हैं लेकिन ऐसा न करने पर विपक्षी दलों द्वारा खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की तरह भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाए जाते हैं। इनसे मिल जाएं तो सेक्युलर, न मिलें तो भाजपाई। यह घोर अनुचित है और अंगूर मिल जाए तो ठीक वरना अंगूर खट्टे हैं, की कहावत जैसा है।

## ओडिशा सरकार ने पांच से 18 आयु वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य योजना को विस्तार दिया

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने पांच से 18 आयु वर्ग के उन लोगों के लिए बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीकेएसवाई) स्वास्थ्य योजना के लाभों में वृद्धि की है, जिनके नाम सूची में नहीं हैं लेकिन उनके माता-पाति का पंजीकरण हो चुका है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मंगलवार को एक पत्र के जरिए बीएसकेवाई के तहत आने वाले सभी अस्पतालों को इस बारे में सूचित कर दिया है।

पत्र में कहा गया है, राज्य स्वास्थ्य आश्वासन सोसाइटी को जानकारी मिली है कि कुछ मामलों में एक परिवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए)/ राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (एसएफएसएस) के तहत रखा गया है, लेकिन परिवार के कुछ बच्चों के नाम डेटाबेस में नहीं हैं।

इसमें कहा गया है, ऐसा एनएफएसए/एसएफएसएस डेटाबेस में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए उस ब्लॉक में रिक्त स्लॉट की अनुपलब्धता के कारण हुआ है। परिणामस्वरूप, अस्पताल की ओर से ऐसे बाल लाभार्थियों को बीएसकेवाई के तहत उपचार के लिए पंजीकृत और प्रमाणित करना संभव नहीं हुआ। विभाग ने कहा कि इस समस्या को दूर करने के लिए, सरकार ने एनएफएसए/एसएफएसएस परिवारों के 5 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए बीएसकेवाई लाभों को मंजूरी दे दी है। हालांकि इसके लिए माता-पिता को इस दावे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा कि जिस व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है वह उनका बच्चा है।



## असम में एक हजार नए पुलों का निर्माण किया जाएगा : हिमंत विश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार पूरे राज्य में जल्द ही एक हजार पुलों का निर्माण कार्य शुरू करेगी।

गुवाहाटी में असम के सबसे लंबे फ्लाई ओवर का उद्घाटन करने के बाद शर्मा ने कहा कि सरकार ने हाल के समय में 842 बड़े-छोटे पुलों का निर्माण कार्य पूरा किया है। गुवाहाटी में कामख्या गेट से मालीगांव के बीच बना फ्लाई ओवर करीब 2.6 किलोमीटर लंबा है। उन्होंने कहा, मुझे जल्द ही एक हजार और पुलों का निर्माण कराने की घोषणा कर खुशी महसूस हो रही है। इन सभी परियोजनाओं को 2026 में पूरा कर लिया जाएगा। लोग कहते हैं कि गुवाहाटी पूर्वोत्तर का द्वार है और हम इसे दक्षिण पूर्व एशिया का द्वार बनाना चाहते हैं। शर्मा ने कहा, आज हम जनता के लिए 'नीलाचल फ्लाइओवर' खोल रहे हैं। इसका निर्माण गुवाहाटी के सबसे व्यस्त सड़कों में से एक पर किया गया है और समय से निर्माण कार्य को पूरा करना लोक निर्माण विभाग के लिए चुनौती था। राज्य के लोक निर्माण विभाग ने इस पुल का निर्माण 420 करोड़ रुपए की लागत से किया है।

शर्मा ने बताया, इस फ्लाई ओवर के निर्माण में 18 हजार मीट्रिक टन सीमेंट, 20 हजार घन मीट्रिक टन बालू और 7,500 मीट्रिक टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया, मौजूदा समय में फ्लाई ओवर और ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल सहित 22 बड़ी परियोजनाएं राज्य में चल रही हैं जिनमें से 21 अपने अंतिम चरण में हैं।

## बिहार : सरकारी स्कूलों में दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ की छुट्टियों में कटौती

**पटना/भाषा।** बिहार सरकार ने राज्य में संचालित सरकारी स्कूलों के लिए अवकाश का नया कैंडलर जारी कर छुट्टियों में काफी कटौती की है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में निर्धारित कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाए जाने के मद्देनजर सरकार ने अभी तक दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा पर दी जाने वाली लंबी छुट्टियों में कटौती की है।

शिक्षा विभाग ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर नए कैलेंडर को प्रभावी बनाया है। इसमें सितंबर से दिसंबर के बीच त्योहारी छुट्टियों की संख्या 23 से घटाकर 11 कर दी गई है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने छुट्टियों के संबंध में राज्य भर में एकरूपता लाने को कहा है और जिला शिक्षा पदाधिकारियों से विभाग की अनुमति बाद ही अतिरिक्त छुट्टियों की घोषणा करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त को रक्षा बंधन पर पहले ही प्रतिबंधित या वैकल्पिक अवकाश घोषित किया जा चुका है।

सरकार द्वारा छुट्टियों की संख्या कम करने का निर्णय राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए उठाए गए कदमों का एक हिस्सा है।



## चुनाव सामने देखकर गैस सिलेंडर की कीमतों में सिर्फ 200 रुपए की कमी की है : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक से एक दिन पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने जा रहा है और उनकी पार्टी और सहयोगी किसी भी समय चुनाव का सामना करने के लिए तैयार हैं।

सपा अध्यक्ष यादव ने भाजपा नीत केन्द्र सरकार पर पिछले नौ साल से महंगाई बढ़ाकर जनता की जेब काटने का आरोप लगाया और कहा, 400 रुपए का गैस सिलेण्डर 1,100 रुपए से ज्यादा में बिकवाया और अब चुनाव सामने देखकर गैस सिलेण्डर की कीमतों में सिर्फ 200 रुपए की कमी की है। उन्होंने सवाल किया कि इतने साल तक महंगे बिके सिलेंडर और अन्य चीजों का मुनाफा किसकी जेब में जा रहा है। सीतापुर में पत्रकारों से बातचीत में सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत सरकार के पास बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का कोई जवाब नहीं है।

पार्टी द्वारा जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि डीजल-पेट्रोल समेत खाने-पीने की वस्तुओं, तेल और दाल की कीमतें आसमान छू रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा सरकार (केन्द्र) मध्यम वर्ग और गरीबों की जेब काट कर पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और फैसलों से किसान, नौजवान, मजदूर और गरीब नाराज और दुःखी हैं।

## चीन के भारत की जमीन हड़पने का राहुल का दावा आधारहीनः जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उनके उस दावे के लिए आलोचना की जिसमें दावा किया गया था कि चीन ने भारत की जमीन हड़प ली है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आरोप 'आधारहीन' हैं। उन्होंने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान चीन ने भारत की जमीन कब्जा ली थी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चीन द्वारा मानक मानचित्र में अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताए जाने की पृष्ठभूमि में दावा किया है कि यह विषय बहुत गंभीर है। राहुल ने दावा किया कि चीन ने पहले ही लद्दाख में भारत की जमीन हड़प ली है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर कुछ बोलना चाहिए। राहुल के इन आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जोशी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, राहुल गांधी के आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि गांधी को समझना चाहिए कि चीन ने जो भी जमीन हड़पी है, वह जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान हड़पी गई थी।

उन्होंने कहा, वे उस क्षेत्र में कुछ गतिविधियां कर रहे हैं जो नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान हड़प ली गई थी। यह आजादी के बाद कांग्रेस द्वारा किए गए पापों के कारण है कि चीन हमारा पड़ोसी बन गया है। जब से यह तिब्बत था, तब से आज तक, इन लोगों ने ऐसी नीतियों का पालन किया, जिसके कारण ऐसा हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को नीतियों की कोई समझ नहीं है।

## उप्र : खाड़ी देशों में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले की फेज-1 थाना पुलिस ने बुधवार सुबह एक सूचना के आधार पर कुवैत में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

फेज-1 थाने के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि एक व्यक्ति ने मंगलवार रात रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दुबई और कुवैत भेजने के नाम पर दो लोगों ने उसके साथ 40 हजार रुपए की ठगी की है।

दुबे के मुताबिक, घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार सुबह एक सूचना के आधार पर शेर आलम और हशरे आलम नामक दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि शेर और हशरे के खिलाफ पहले भी दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं।

दुबे के अनुसार, आरोपियों के पास से पुलिस ने दो लैपटॉप, दो सीपीयू, दो मॉनिटर, एक प्रिंटर, 22 पासपोर्ट, 17 फर्जी वीजा, 110 विजिटिंग कार्ड, तीन रजिस्टर, तीन मोबाइल फोन और 23 हजार रुपए नगद बरामद किया है।

उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को नौकरी के लिए खाड़ी देशों में भेजने के नाम पर अपने जाल में फसाते हैं तथा उनसे लाखों रुपए की ठगी करते हैं।

# एशिया कप में पाकिस्तान है खतरनाक टीम : रविचंद्रन अश्विन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/भाषा।** भारत के शीर्ष स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि एशिया कप में पाकिस्तान को हराना चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ी उसे और खतरनाक बनाते हैं।

भारत और पाकिस्तान दोनों को खिताब के प्रबल दावेदार बताते हुए अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान अगर लगातार अच्छी पारियां खेलते रहे तो एशिया कप और विश्व कप में पाकिस्तान बेहद खतरनाक टीम होगी।

पाकिस्तान का सामना पहले मैच में नेपाल से है जबकि दो सितंबर को उसकी टक्कर भारत से होगी।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने पिछले तीनों वनडे जीते हैं। अश्विन का मानना है कि पाकिस्तानी टीम की गहराई उसे एशिया कप और विश्व कप में प्रबल दावेदार बनाती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के पास असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। टेप बॉल क्रिकेट की वजह से उनके पास हमेशा बेहतरीन तेज गेंदबाज रहते हैं। उनकी बल्लेबाजी भी नब्बे और 2000 के दशक में अच्छी रही है। लेकिन विभिन्न टी20 लीगों में खेलने से पिछले पांच छह साल में उनकी बल्लेबाजी फिर बेहतर हुई है। पाकिस्तान सुपर लीग के अलावा वे बिग बैश लीग में भी खेल रहे हैं।

अश्विन ने कहा कि टीम को 'रणनीतिक फायदे' के तौर पर एक गेंदबाज को क्रीज से बाहर निकलने वाले बल्लेबाज के आउट करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, इनमें से कुछ नैतिक रूप से ऊंचे बनते हुए इस मामले में कहेंगे, हम इस तरह का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते। लेकिन स्मार्ट टीम इस तरह के बयानों का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करेंगी। यह रणनीतिक फायदा है। उन्होंने कहा, मैंने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में जब ऐसा किया था तो उसे पांच साल हो गए हैं। आज भी जब कुछ कह रहे हैं कि किसी को भी ऐसा नहीं करना चाहिए। मैं इसे अच्छी तरह से समझ सकता हूं कि वे ऐसा क्यों नहीं करना चाहते हैं। लेकिन मुझे हैरानी होती है कि आप अब भी उसी विचारधारा पर अटके हुए हो।

## गोली नहीं मारने की अपील लिखी तख्ती गले में लटकाकर इनामी बदमाश ने किया आत्मसमर्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोंडा (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** मुठभेड़ में मारे जाने की आशंका से खौफजदा 20 हजार रुपए के इनामी एक बदमाश ने गोली नहीं मारने की अपील लिखी तख्ती गले में डालकर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस क्षेत्राधिकार नवीना शुक्ला ने बताया कि लूट के एक मामले में पिछले छह महीने से फरार 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश अंकित वर्मा ने गले में तख्ती लटकाकर जिले के छपिया थाने में मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया।

शुक्ला ने बताया कि छपिया थाना क्षेत्र के महुली खोरी गांव निवासी अमरजीत चौहान 20 फरवरी को मनकापुर स्थित एक कॉलेज में परीक्षा देने गया था। वहां से लौटते वक्त रास्ते में पिपरही पुल के पास मोटरसाइकिल से आए दो बदमाशों ने चौहान को रोक लिया और तमंचे से आतंकित करके उसकी मोटरसाइकिल मोबाइल फोन और बटुआ लूट कर भाग गए। उन्होंने बताया कि चौहान की तहरीर पर स्थानीय थाने में दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान अंकित वर्मा तथा एक अन्य बदमाश का नाम प्रकाश में आया था। दोनों की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को अंकित वर्मा गले में तख्ती



डालकर छपिया थाने पहुंचा और जोर से आवाज देकर कहा, मैं आत्मसमर्पण करने आया हूं, मुझे गोली मत मारो। तख्ती पर भी उसने यही बात लिखी थी। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने अंकित वर्मा को गिरफ्तार करके अदालत रवाना किया। इससे पहले भी प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से पुलिस की कड़ी कार्रवाई के डर से वांछित अपराधियों के पुलिस स्टेशन जाकर आत्मसमर्पण करने की खबरें आई थीं। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राज्य पुलिस अपराध और अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' के मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप काम कर रही है।

## सुविचार

**जीवन में कभी आपको किसी चीज से डर लगे, तो उसे कभी अपने ऊपर हावी मत होने दो, बल्कि उस पर हमला करके उसे खत्म कर दो।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# हौसला बढ़ाएं

इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों के लिए मशहूर राजस्थान के कोटा शहर में विद्यार्थियों की आत्महत्याओं की घटनाएं अत्यंत दु:खद और चिंताजनक हैं। इस मुद्दे को लेकर पहले भी विशेषज्ञों ने कई सुझाव दिए हैं, लेकिन कुछ हफ्तों के अंतराल के बाद ऐसी घटना हो जाती है, जो कई आंखों को नम कर जाती है। साथ ही अपने पीछे कई सवाल छोड़ जाती है। उन सवालों में सबसे अहम है- कुछ कोचिंग विद्यार्थी ऐसा कदम क्यों उठा रहे हैं? ऐसा क्या किया जाए, ताकि ये नौनिहाल कोई खौफनाक कदम न उठाएं? मीडिया रिपोर्टें बताती हैं कि इस साल अब तक 22 विद्यार्थियों ने यहां आत्महत्या कर ली है। वहीं, इनमें से भी दो विद्यार्थियों ने 27 अगस्त को अपनी ज़िंदगी खत्म कर ली। पढ़ाई का दबाव, टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव, परिवार की आकांक्षाएं, दोस्तों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों की उम्मीदें ... यह सबकुछ वह विद्यार्थी अकेला झेलता है। निस्संदेह जब कोई विद्यार्थी कोटा आता है तो उसकी यह ख्वाहिश होती है कि वह सफल होकर ही लौटे। यहां प्रतिस्पर्धा के माहौल में उसे पढ़ाया गया विषय याद रखने के साथ ही समय-समय पर होने वाले टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन भी करना होता है। इस बीच कहीं कोई बात समझ में न आए, टेस्ट में कम नंबर आ जाएं, साथियों से पिछड़ जाए, खुद की योग्यता पर संदेह होने लगे, काफी कोशिशों के बावजूद अनुकूल परिणाम न आए तो विद्यार्थी तनावग्रस्त हो जाता है। फिर उसके मन में खुद के लिए नकारात्मक धारणाएं घर करने लगती हैं। वह सोचने लगता है- अब परिवार को क्या जवाब दूंगा? मेरे दोस्त क्या कहेंगे? वे चिढ़ाएंगे कि डॉक्टर/इंजीनियर बनने कोटा गया था, क्या हुआ? रिश्तेदारों से कैसे मिलूंगा? पड़ोसियों से कैसे बात करूंगा?

उधर पढ़ाई, कोचिंग, टेस्ट का दबाव बढ़ता जाता है और वह बच्चा अपने मन की बात किसी के साथ साझा नहीं कर पाने के कारण अंदर ही अंदर घुटन महसूस करता रहता है। उसे आशंका होती है कि अगर वह दोस्तों के सामने अपनी कमजोरी जाहिर करेगा तो उसे ठीक नहीं समझा जाएगा। अगर वह परिजन से कहेगा तो उन्हें अपने अरमानों पर पानी फिरता नजर आएगा, जिन्होंने यहां भेजने में काफी रुपए खर्च कर दिए। वह किससे मिले, क्या करे? अगर इस दौरान संबंधित विद्यार्थी को हिम्मत दी जाए, उसका हौसला बढ़ाया जाए, सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जाए तो वह तनाव से उबर कर पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। कुछ बच्चों के अवसादग्रस्त होने की एक और बड़ी वजह उनका परिवार से दूर होना है। चूंकि कोटा में कोचिंग के लिए आने वाले ज्यादातर विद्यार्थी दूसरों शहरों व गांवों से होते हैं। इससे पहले वे अपने परिवारों के साथ रहते थे, जहां उन्हें माता-पिता और बड़ों से स्नेह मिलता था। वहां से एक नए शहर में आकर तालमेल बैठाने में समय लगता है। चारों ओर प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखकर उन पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और माता-पिता के सपनों को पूरा करने का काफी दबाव आ जाता है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि इन विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जो तनाव और अवसाद से उबरने में मदद करे। विद्यार्थियों को जीवन में जीतना ही नहीं, गरिमापूर्ण तरीके से हार का सामना करना भी सिखाएं। बड़े से बड़े योद्धा के जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब उसे मनचाहे परिणाम नहीं मिलते। इसका यह अर्थ तो नहीं कि वह योद्धा वीर नहीं था। बल्कि यही वह समय होता है, जब उसकी वीरता की परख होती है। उसे हिम्मत बटोरकर फिर तैयारी करनी चाहिए और दुगुने उत्साह के साथ मैदान में उतरना चाहिए। ऐसे असंख्य उदाहरण हैं, जब लोगों को निराशा और असफलता ने आ घेरा, लेकिन हिम्मत के साथ की गई मेहनत से उन्हें सफलता मिली। कठिन क्षण जीवन में आते हैं, चले जाते हैं। ये स्थायी नहीं हैं। इनके वशीभूत होकर ऐसा कोई फैसला नहीं लेना चाहिए, जो परिवार को ग़मगीन कर जाए।

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान की सभी बहनों की सुगमता हेतु रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के लिए रोडवेज बसों की यात्रा नि:शुल्क करने का निर्णय लिया है। भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक राखी के इस पावन पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई।

**-अशोक गहलोत**



कुचामन में जिस तरह दलित समाज के युवाओं की हत्या की गई है, वीभत्स, भयावह और सरकार की शासन व्यवस्था पर बहुत बड़ा दाग है। प्रदेश पहले से ही दलित अत्याचार में नंबर एक है और ऊपर से ऐसी घटनाएं पूरे देश में राजस्थान को कलंकित करने वाली है।

**-सीपी जोशी**



कुचामन के राणासर गांव में दलित समाज के दो युवकों की कुचलकर हत्या करने की घटना कांग्रेस के जंगल राज में बेखौफ बदमाशों के आतंक का जीता जागता प्रमाण है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार दलित अत्याचार में राजस्थान देश में दूसरे पायदान पर है।

**-राजेन्द्र राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# रक्षा का बंधन

डाकुओं की सहृदयता को दर्शाने वाली कई घटनाएं रक्षाबंधन के त्योहार से जुड़ी हैं। इस संदर्भ में जोधपुर रियासत को हिलाकर रख देने वाले डाकू मंगलदास का वाकया द्रवित करने वाला है। बात उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध की है। श्रावण पूर्णिमा की सुबह थी। जोधपुर के निकट बसी एक ढाणी के किसान रोजमर्रा की तरह अपने ढोर-डंगरों को हांककर खेतों में ले जा रहे थे। उन्हीं में एक विधवा औरत शामिल थी, जो अपनी अकेली छोटी बालिका का हाथ थामे घास-फूस लेने निकली थी। बच्ची रो-रोकर जिद कर रही थी कि मैं भी अपने भाई को राखी बांधूंगी। मां ने कहा, 'बेटी, राम ने तेरा भाई नहीं दिया। तेरे पैदा होते ही प्रभु ने तेरे बाप को उठा लिया। तू ही बता मेरी बच्ची, तुझे भाई कहां से लाऊं?' संयोगवश, उसी समय डाकू मंगलदास के गिरोह का वहां से गुजरना हुआ। मंगलदास बच्ची की बात सुनकर स्वयं को रोक न सके। वे सांडणी से कूदकर बच्ची के पास आए व उसका सिर पुचकार कर बोले, 'बहन! ये रहा तुम्हारा भाई, लो राखी बांधो।' बच्ची ने अपनी लुगड़ी को फाड़कर मंगलदास के पौंहचे पर खुशी-खुशी राखी बांध दी। मंगलदास का सीना फूल उठा।

## सामयिक

# चीन सुधरेगा नहीं, चौकन्ना रहना होगा

**ललित गर्ग**

मोबाइल : 9811051133



चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। ब्रिक्स समिट में जगी भारत-चीन के सामान्य संबंधों की आस आकार लेने से पहले ही धूमिल हो गयी है। नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत-चीन के संबंधों में सामंजस्य बैठाने के प्रयास चीन के नापाक इरादों से जटिल ही बने रहने वाले हैं। चीन की ओर से जारी किए गए ताजा नक्शे में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।

दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। इससे पहले भी शातिर और चालबाज चीन ने अप्रेल में जारी अपने नक्शे में पहले चुपके से अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल दिए थे, जिसकी भारत ने निंदा की थी। अब दक्षिणी हिंद महासागर में 19 स्थानों के नाम बदले हैं। चीन की तरफ से दक्षिण हिंद महासागर में 19 तलों के नाम बदलने की हिमाकत की गई है, वे भारतीय प्रायद्वीप से करीब 2000 किलोमीटर दूर हैं। चीनी मीडिया ने इसे बीजिंग का सॉफ्ट पॉव्र प्रोजेक्शन कहा है। चीन की ओर से की गई यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और हिंद महासागर के इलाके में भारतीय प्रभाव पर सीधा दखल है। एक महीने के भीतर शी जिनपिंग की भारत की संप्रभुता के साथ छेड़छाड़ की यह दूसरी हिमाकत है। इसे चीन के विस्तारवादी रवैये और हिंद क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखल के रूप में देखा जा रहा है।

पिछले पांच साल में चीन नाम बदलने का यह दुस्साहस तीन बार कर चुका है। इस साल अप्रेल से पहले उसने 2021 में 15 और 201% में छह जगहों के नाम बदले थे। हालांकि तब भी भारत ने विरोध दर्ज कराते हुए नए नामों को सिरे से खारिज कर दिया था। चीन का यह नया नक्शा ब्रिक्स समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद एवं नई दिल्ली में अगले माह की शुरुआत में ही होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सामने आया है। समूची दुनिया चीन के विस्तारवादी रवैये और दूसरे देशों की जमीन को कब्जाने की नीयत को अच्छी तरह देखती और समझती है। चीन भरोसे करने के काबिल न पूर्व में रहा है और न भविष्य में होने की संभावनाएं हैं। भारत के मामले में चीन का रवैया सदैव शत्रुतापूर्ण एवं उसके क्षेत्रों पर अनाधिकृत कब्जाने का ही रहा है। चीन की पिछली हरकतों से भी यह साफ हो गया है कि चीन कभी भी भारत से मित्रवत संबंध बनाने के प्रयासों का साथ देने वाला नहीं है।

भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। चीन ने विस्तारवादी नीतियों के तहत जैसी गतिविधियां चला रखी हैं उनसे भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया को चौकन्ना रहने की जरूरत है। राजनीतिक रूप से हमारे यहां विभिन्न दल भले ही एक-दूसरे के विरोधी हों, पर चीन को लेकर भारत से उठने वाली आवाज एक ही होनी चाहिए। चीन के मनमाने रवैये को पश्चिमी देश अच्छे से महसूस भी कर रहे और उनके पक्ष-विपक्ष के नेता एक सुर में उसकी हरकतों के खिलाफ आवाज भी उठा रहे। इसके विपरीत भारत में अलग स्थिति है। अपने देश के कई नेता चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये को लेकर मोदी सरकार को तो कठघरे में खड़ा करते हैं लेकिन चीन के प्रति एक शब्द भी नहीं बोलते। हाल ही में राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान था, उससे यही पता चलता है कि वे चीन जैसे शत्रु राष्ट्र का मूक समर्थन करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। यह भूला नहीं जा सकता कि डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है? ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी?

राहुल को यह भी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू के समय चीन ने किस तरह पहले तिब्बत को हड़पा और फिर 1962 के युद्ध में हिन्दी चीनी 'भाई-भाई' का नारा जप कर भारत माता की 45,000 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी। आज जब भारत चीन के अतिक्रमणकारी एवं अति महत्वाकांक्षी रवैये के खिलाफ डटकर खड़ा है और उसे उसी की भाषा में जवाब दे रहा है तब राहुल गांधी एवं विपक्षी दलों के नेता जानबूझकर प्रधानमंत्री की एक सशक्त एवं विश्व नेता की छवि पर हमला करने के लिए उतावले रहते हैं। वह अंध मोदी विरोध के चलते सारी मर्यादाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं। वह यह बुनियादी बात समझने के लिए तैयार नहीं कि जब रक्षा और विदेश नीति के मामलों में राजनीतिक वर्ग एक सुर में नहीं बोलता तो इससे राष्ट्रीय हितों को चोट ही पहुंचती है, इससे राष्ट्र कमजोर होता है। चीन एवं पाकिस्तान जैसे दुश्मन राष्ट्र इसी से ऊर्जा पाकर अधिक हमलावर बनते हैं।

अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी कर जिस तरह अपने नए नक्शे में दक्षिण चीन सागर को भी शामिल कर लिया, वह उसकी उपनिवेशवादी मानसिकता का ही परिचायक है। चीन अपनी कुचेष्टाओं एवं करतूतों से भारत को उकसाना चाहता है लेकिन शायद चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है।

भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है। आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। हम दुश्मन को घर में घुसकर मारते हैं। पूरा देश जानता है कि राष्ट्र के स्वाभिमान, राष्ट्र की अस्मिता, राष्ट्र की विरासत, राष्ट्र के गौरव पर हमला करने वालों को भारत मुंहतोड़ एवं करारा जवाब देने में सक्षम है। भारतीय सेना में सरहदें बदल देने की क्षमता है, दुश्मनों को इरादों को ध्वस्त करने का मादा है इसलिये चीन अपने नक्शे में भले ही छेड़छाड़ करता रहे, लेकिन भारत की भूमि पर कब्जाने की उसकी मंशा अब कभी साकार नहीं होगी।

## मुद्दा

# एक अनार, सौ बीमार

**बाल मुकुंद ओझा**

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की मुंबई में होने वाली बैठक से पहले प्रधानमंत्री पद को लेकर मुद्दा गरमा गया है। ऐसा लगता है विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुंबई बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री कैंडिडेट को लेकर घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस सहित विभिन्न पार्टियां अपने अपने नेता को प्रधानमंत्री कैंडिडेट बनाने की मांग करने लगे है। कांग्रेस चाहती है राहुल गाँधी प्रधानमंत्री का चेहरा बनें।कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुकाबला करने के लिए प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की अपील की है। वहीं ममता बनर्जी, केजरीवाल, नीतीश से लेकर अखिलेश यादव तक को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाने की मांग उठ रही है। फ़िलहाल सीटों के आवंटन को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। विपक्ष के गठबंधन में प्रधानमंत्री पद की कुर्सी के दावेदारों की लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। कांग्रेस के नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि जिसके पास सबसे ज़्यादा सीट होंगी। उस पार्टी का नेता ही प्रधानमंत्री बनेगा। ऐसे में विपक्ष के गठबंधन के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिरकार वो अगले लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी के सामने किसे मैदान में उतारेंगे? लेकिन अब तक कोई नाम सामने नहीं आया है।

आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल को विपक्षी गठबंधन का



प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल विपक्षी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनें। आप दिल्ली के संयोजक व पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा ''हर पार्टी के पदाधिकारी चाहते हैं कि उनके मुखिया प्रधानमंत्री हों। हम भी चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि, इसका फैसला आईएनडीआईए द्वारा लिया जाएगा।' समजवादी पार्टी कह रही है अगर अखिलेश यादव प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी होते हैं तो गठबंधन और देश के विकास के लिये बेहतर होगा। सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह ने कहा है कि मैं चाहती हूं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनें। दूसरी तरफ भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि विपक्ष के गुट में कई प्रधानमंत्री उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने मुंबई बैठक से पहले राहुल गांधी के चेहरे को एलायंस के चेहरे के तौर प्रोजेक्ट किया। बघेल और गहलोत बोल चुके हैं। भाजपा का सवाल है कि केजरीवाल, शरद पवार, ममता, नीतीश, अखिलेश आदि का क्या होगा? इस पर विपक्षी गुट को बड़ा संदेश देना होगा।

## चिंतन

# भारत को शिक्षा क्षेत्र में भारी आर्थिक और बौद्धिक क्षति

**संजीव ठाकुर**

मोबाइल : 9009 415 415

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं, इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक



अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है।

आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं, जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।

भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है ।

इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था, इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सर्वमान्य नेता का अभाव, यह नाकाम होगा : विजयवर्गीय

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा**



भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलॉपमेंटल इनक्लूसिव एलायंस (इंडिया) पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि चूंकि अलग-अलग विचारधाराओं की पार्टियों के इस गठजोड़ का कोई एक सर्वमान्य नेता नहीं है, इसलिए यह असफल होगा।

विजयवर्गीय की यह टिप्पणी विपक्षी गठबंधन की मुंबई में बृहस्पतिवार से शुरू होने वाली बैठक से पहले आई है। इस दो दिवसीय बैठक में विपक्षी नेताओं के 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए संयुक्त प्रचार रणनीति तथा अपने सदस्यों के बीच मतभेदों को हल करने पर चर्चा करने की संभावना है।

विजयवर्गीय ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि देश का इतिहास बताता है कि अलग-अलग विचारधाराओं की पार्टियों का गठबंधन कभी सफल नहीं होता। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया का कोई एक सर्वमान्य नेता नहीं है। इसमें शामिल पार्टियों के सभी नेता खुद गठबंधन के नेता के रूप में पेश करते हैं। जब ये सब लोग नेता हैं, तो विपक्षी गठबंधन कैसे सफल हो सकता है?

पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रसाई गैस के सिलेंडर के दाम में 200 रुपए की कटौती को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसा है कि यह फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बीते दो महीने में हुई केवल दो बैठकों के प्रभाव का परिणाम है।

विपक्षी दलों की पहली बैठक पटना में जून में हुई थी जबकि दूसरी बैठक जुलाई में बेंगलुरु में हुई जहां 28 विपक्षी दलों के इस गठबंधन को 'इंडिया' नाम दिया गया था।

विजयवर्गीय ने बनर्जी पर पलटवार करते हुए दावा किया कि इस विपक्षी गठबंधन की दो बैठकें होने के बीच पश्चिम बंगाल में कम से कम 200 महिलाओं से बलात्कार और आठ-दस लोगों की हत्या हो चुकी है। उन्होंने कहा, बनर्जी को पहले इन आपराधिक घटनाओं पर जवाब देना चाहिए।

विजयवर्गीय ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर उनके उस दावे को लेकर हमला भी बोला जिसमें उन्होंने कहा है कि चीन ने भारत की जमीन हड़प ली है। भाजपा महासचिव ने दावा किया है, इसका प्रमाण हमारे पास है कि राहुल जी ने चीन से अब तक कितनी आर्थिक सहायता ली है। वह पहले जरा स्पष्ट करें कि चीन से उनकी इतनी दोस्ती क्यों है और चीन उन पर इतना पैसा क्यों खर्च कर रहा है?

# शरद पवार दो बार प्रधानमंत्री बनने से चूके : साइरस पूनावाला

पुणे/भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार एक तरफ जहां मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक को लेकर व्यस्त रहे, तो दूसरी तरफ उनके मित्र एवं उद्योगपति साइरस पूनावाला ने कहा कि पवार (82) दो बार प्रधानमंत्री बनने से चूक गए और बढ़ती उम्र को देखते हुए उन्हें सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। एक कार्यक्रम से इतर पूनावाला ने बुधवार को कहा, शरद पवार को मेरी सलाह... उनके पास प्रधानमंत्री बनने के दो मौके थे, लेकिन वह चूक गए। वह एक चतुर व्यक्ति हैं। वह (प्रधानमंत्री के रूप में) अच्छी सेवा कर सकते थे लेकिन वे मौके खत्म हो गए। मेरी भी उम्र बढ़ रही है और उनकी भी उम्र बढ़ रही है इसलिए उन्हें सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए।

# चीन, रूस से निपटने के लिए भारत के साथ अमेरिका के संबंध 'महत्वपूर्ण' हैं : रो खन्ना

वाशिंगटन/भाषा। भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा कि अपने रणनीतिक विरोधियों चीन और रूस से निपटने के लिए भारत के साथ अमेरिका के संबंध महत्वपूर्ण हैं।

खन्ना ने भारत से लौटने के बाद मंगलवार को एक रेडियो वार्ता के प्रस्तोता ह्यूज हेविट से यह बात कही। उन्होंने भारत यात्रा में कांग्रेस के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा, चीन और रूस स्पष्ट रूप से अभी दो रणनीतिक चुनौती, विरोधी हैं। इनसे निपटने के लिए भारत के साथ संबंध काफी महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि चीन और रूस हमेशा आगे नहीं बढ़ेंगे और वहां अवसर हैं लेकिन कुल मिलाकर हमें इस पर नजर रखनी चाहिए कि वे क्या कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ने कहा कि अमेरिका को यह उम्मीद नहीं रखनी चाहिए कि चीन के साथ संघर्ष के दौरान भारत मलक्का जलसंधि अवरुद्ध कर देगा लेकिन वह बीजिंग के ताइवान पर हमला करने पर दो मोर्चों पर युद्ध शुरू करने के लिए लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश में अपनी सीमाओं पर आक्रामक रुख अपना सकता है।

मलक्का जलसंधि, अंडमान सागर (हिंद महासागर) और दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर) को जोड़ने वाला जल मार्ग है। कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष खन्ना ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में शामिल भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी के मंगलवार को दिए उस बयान पर सहमति नहीं जताई कि वह चाहेंगे कि चीन द्वारा ताइवान पर आक्रमण करने की स्थिति में भारत मलक्का जलसंधि अवरुद्ध कर दे। खन्ना ने कहा, यह समझना कि हमारे भारतीय साझेदार क्या करना चाहते हैं और क्या नहीं करना चाहते हैं तथा कहां हम असल में चीन को रोक सकते हैं, यह सुसंगत विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

## पूजा



वार्षिक अमरनाथ यात्रा के रूप में बुधवार को विशेष पूजा करने के बाद महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में पवित्र गदा (छड़ी मुबारक) साधुओं के साथ पंचतरणी से बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा के लिए रवाना होगी।

# सजा पर रोक के बावजूद चुनाव नहीं लड़ सकेंगे इमरान खान : कानून विशेषज्ञ

**इस्लामाबाद/भाषा**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कानून टीम ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सत्र अदालत के फैसले को रद्द करने की अपील न करके बड़ी गलती की, जिसके चलते उच्च न्यायालय के उनकी तीन साल की कैद की सजा पर रोक लगाने के बावजूद वह जेल में हैं। देश के एक शीर्ष वकील ने बुधवार को यह बात कही।

वहीं, कानून विशेषज्ञों के मुताबिक, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के बावजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 70 वर्षीय अध्यक्ष इमरान अटक जेल में बंद हैं और आगामी आम चुनाव नहीं लड़ सकते, क्योंकि तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उनकी दोषसिद्धि और अयोग्यता बरकरार है।अधिवक्ता फैजल सिद्दिकी ने कहा, इमरान की कानून टीम ने सत्र अदालत के पांच अगस्त के फैसले को रद्द करने की अपील न करके बड़ी गलती की। उसने केवल पूर्व प्रधानमंत्री की सजा पर रोक लगाने और उन्हें जमानत पर रिहा करने की अपील की। ''द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने सिद्दिकी के हवाले से लिखा, अगर सत्र अदालत के फैसले को रद्द करने का अनुरोध किया गया होता, तो इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर व्यापक चर्चा की होती। इसके अलावा, अगर सत्र अदालत का फैसला रद्द कर दिया गया होता, तो इमरान आगामी चुनाव लड़ सकते थे।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की पीठ ने बुधवार को इमरान की सजा पर रोक लगाते हुए पंजाब प्रांत की अटक जेल से उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय के संक्षिप्त आदेश पर टिप्पणी करते हुए अधिवक्ता हाफिज अहसान अहमद ने कहा कि फैसला असामान्य या अभूतपूर्व नहीं है, क्योंकि सजा पर रोक की पूरी संभावना थी। उन्होंने समझाया, सजा पर रोक का फैसला कभी भी मामले के गुण-दोष के आधार पर नहीं होता है। रोक का एक आधार उच्च न्यायालय में मुख्य अपील को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने में देरी, जबकि दूसरा आधार सजा का पांच साल से कम होना हो सकता है। इस मामले में, सजा तीन साल की थी। ''जियो न्यूज ने अहमद के हवासे से कहा कि क्रिकेटर से नेता बने इमरान की दोषसिद्धि और अयोग्यता बरकरार रहेगी।

इस्लामाबाद की सत्र अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान को पांच अगस्त को तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी।

इमरान को वर्ष 2018 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री पद पर कार्यकाल के दौरान उन्हें और उनके परिवार को मिले राजकीय उपहारों को गैरकानूनी रूप से बेचने के आरोप में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई थी।

सत्र अदालत ने पीटीआई प्रमुख पर अगले पांच साल तक राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने पर भी रोक लगा दी थी, जिससे वे आगामी चुनाव नहीं लड़ सकते। इमरान ने निचली अदालत के फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।



# फिल्म 'अक्षरा' का नया लुक रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की आने वाली फिल्म 'अक्षरा' से उनका नया लुक रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह के लिए आज का दिन बेहद खास है। आज जहां अक्षरा सिंह का जन्मदिन है, वहीं आज ही रक्षाबंधन के अवसर पर उनकी फिल्म अक्षरा का दूसरा लुक भी आउट कर दिया है। इसमें अक्षरा का डबल शेड देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर वह राजस्थानी से मिलते जुलते परिधान में हसुआ लेकर नजर आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर वह एक पारिवारिक महिला के रूप में भी नजर आ रही हैं। फिल्म अक्षरा के निर्माता रत्नाकर कुमार एवं कुलदीप श्रीवास्तव और निर्देशक देव पांडेय एवं लेखक राकेश त्रिपाठी हैं, जिन्होंने अक्षरा सिंह को जन्मदिन पर बधाई एवं शुभ कामनायें दी। उनके साथ फिल्म की पूरी कास्ट एण्ड क्रू ने अक्षरा की लंबी आयु की कामना की।

सबों से मिल रही शुभकामनाओं से गदगद अक्षरा सिंह ने फिल्म अक्षरा के मेकर्स, कलाकार और अपने सभी चाहने वाले को शुक्रिया कहा। अक्षरा ने कहा कि जन्मदिन पर लोगों का बहुत सारा प्यार मिल रहा है और मेरी फिल्म के पोस्टर भी सबों को पसंद आ रही है।

इससे बड़ा दिन मेरे लिए और क्या हो सकता है। बस जन्मदिन पर एक विश अपने फैंस से पूरी करने की उम्मीद रखती हूँ कि जब भी मेरी यह फिल्म रिलीज हो। आप जरूर देखें। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म अक्षरा में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडे, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट, संजीव मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, संजू सोलंकी, रिंकी शुक्ला, आर.नरेंद्र, आर्यन विश्वकर्मा, कानू मुखर्जी, सोनू सनम माही, कन्हिया एस.विश्वकर्मा, सौरव चौधरी, सनाया गुप्ता, रितिका सिंह, पप्पू खान, एचआरपी बाबू, चंचल त्रिपाठी और सतीश यादव प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म के संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव 'कवि जी', सभा वर्मा, फनिदर राव एवं राकेश निराला हैं।

# 'जवान' फिल्म रिलीज होने से पहले, शाहरुख वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे

**जम्मू/वार्ता**



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने अपनी फिल्म 'जवान' रिलीज होने से पहले जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। अधिकारियों के अनुसार, अभिनेता ने कटरा पहुंचने के बाद पवित्र गुफा में दर्शन किए और फिर नए ताराकोट मार्ग से भवन की ओर रवाना हुए। अभिनेता को भवन में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा गया, जिसमें वह अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में दिखे। वह सफेद टीशर्ट के ऊपर नीले रंग की हुडी पहने हुए थे और अपने चेहरे को हुडी की कैप और मास्क से ढके हुए थे। रुपहले पर्दे पर 'जवान' 07 सितंबर को रिलीज होगी। श्री खान ने पिछले वर्ष दिसंबर में अपनी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म 'पठान' रिलीज होने से पहले भी वैष्णो देवी के दर्शन किए थे।



# 'रिस्की रोमियो' में नजर आएंगे सनी सिंह और कृति खरबंदा

**मुंबई/एजेन्सी**

एक्टर सनी सिंह और कृति खरबंदा अबीर सेनगुप्ता की अपकमिंग फिल्म 'रिस्की रोमियो' में अभिनय करते नजर आएंगे। कलाकारों और क्रू मेंबर्स सर्दियों में शूटिंग शुरू करेंगे। एक्टर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की। सनी ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर का पहला लुक शेयर किया और लिखा, ऐसा लगता है कि ट्रेजेडी नई कॉमेडी है या यह इसके विपरीत है? आपके सामने अपनी अगली फिल्म 'रिस्की रोमियो' का पहला लुक पेश करने के लिए उत्साहित हूं। फिल्म की शूटिंग इस सर्दी में शुरू होगी। कृति ने भी उसी पोस्टर को शेयर किया।

अबीर को कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'इंदु की जवानी' के निर्देशन के लिए जाना जाता है। फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी सीक्रेट हैं।

सनी ने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत 'दिल तो बच्चा है जी' (2011) के साथ की और 'आकाश वाणी' (2013) में सहायक भूमिका निभाई। उनकी पहली सफल फिल्म 'प्यार का पंचनामा 2' थी। उनकी सबसे अधिक कमाई वाली रिलीज 2018 में रोमांटिक कॉमेडी 'सोनू के टीटू की स्वीटी' के साथ आई। वह प्रभास और कृति सेनन के साथ 'आदिपुरुष' में भी नजर आए थे। कृति ने 'राज : रीबूट' (2016) से हिंदी फिल्म में डेब्यू किया। 'शादी में जरूर आना' (2017), 'यमला पगला दीवाना: फिर से' (2018) और 'हाउसफुल 4' में पीसीएस ऑफिसर की भूमिका निभाई।

# फिल्म 'ड्रीमगर्ल-2' ने 50 करोड़ की कमाई की

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 ने 50 करोड़ की कमाई कर ली है। आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 को लेकर चर्चा में है। ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका है।ड्रीमगर्ल 2 ,25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' टिकट खिड़की पर काफी अच्छा परफॉर्म कर रही है। 'ड्रीम गर्ल 2' में एक बार फिर आयुष्मान खुराना पूजा के किरदार में दर्शकों को पसंद आ रहे हैं। 'ड्रीम गर्ल 2' ने पहले वीकेंड में करीब 41 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के सामने गदर 2 और ओएमजी 2 जैसी बड़ी फिल्में मुकाबले में खड़ी हैं। फिर भी ड्रीम गर्ल 2 अपना जादू चलाने में कामयाब रही। रिलीज के पांच दिनों में ड्रीम गर्ल 2 ने 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। ड्रीम गर्ल 2 एकता आर कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित और राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित हैं।

# 'शिवशक्ति' में देवी गंगा का किरदार निभाएंगी प्राची बंसल

**नई दिल्ली/एजेन्सी**



अभिनेत्री प्राची बंसल, जो पौराणिक शो 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में देवी गंगा का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं, ने कहा कि यह सिर्फ एक भूमिका नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह शो दो सबसे प्रतिष्ठित देवताओं- शिव और शक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है। यह उनकी कर्तव्य, त्याग और अलगाव की यात्रा को दर्शाता है जो तप, त्याग और तांडव की ओर ले जाती है। इस शो में भगवान शिव और देवी सती की पहली प्रेम कहानी का शानदार चित्रण किया गया है। इसकी कहानी तारकासुर इंद्र और देवताओं को परास्त करने और स्वर्ग लोक पर कब्ज़ा करने के लिए आवश्यक शक्ति का उपयोग करने पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि अंशुमान के पोते भागीरथ ने कठोर तपस्या की और ब्रह्मा और शिव की कृपा प्राप्त की। ब्रह्मा ने गंगा को पृथ्वी पर उतरने की अनुमति दी, जबकि शिव ने अपनी जटाओं में उनके तेज वेग को समा लिया, ताकि वह अपनी शक्ति से पृथ्वी को खंडित न कर दे।प्राची ने कहा, 'शिव शक्ति- तप त्याग तांडव' में पवित्र गंगा के सार को मूर्त रूप देना एक बहुत बड़ा सम्मान है। जैसे उनके जल ने अनगिनत आत्माओं को पोषण दिया है, वैसे ही वह अब मेरी यात्रा का हिस्सा बन गई है। यह भूमिका केवल एक चित्रण नहीं है।

# डायरेक्टर बनने या फिल्म प्रोड्यूस करने का इरादा नहीं : सनी देओल

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल का कहना है कि डायरेक्टर बनने या फिल्म प्रोड्यूस करने का अब उनका कोई इरादा नहीं है। सनी देओल ने 'दिल्लगी' , घायल वंस अगेन और पल पल दिल के पास जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।सनी देओल ने अपने प्रोडक्शन हाउस के तले कई फिल्में भी बनायी है। सनी देओल का कहना है कि अब उनका निर्देशक बनने या फिल्म प्रोड्यूस करने का कोई इरादा नहीं है। वह सिर्फ एक्टर के तौर पर काम करना चाहते हैं। सनी देओल ने कहा, मैं एक कलाकार के तौर पर ज्यादा खुश है। एक आदमी सिर्फ एक ही काम कर सकता है। तो मैंने सोचा है कि सब कुछ छोड़ो और एक अभिनेता बन जाओ। अब मैं यही करना चाहता हूं। एक अभिनेता के रूप में जितनी भी फिल्में कर सकता हूं, मैं कर रहा हूं।फिल्म मेकिंग और निर्देशन का जो काम मुझे करना था, कर चुका हूं। ज्यादा से ज्यादा अपना ध्यान एक्टिंग पर ही लगाना चाहता हूं। अब कॉरपोरेट आ गया हैं तो सबकुछ बदल गया है। चीजें पहले जैसी नहीं रह गई हैं, मुझे नहीं लगता कि आज मेरे लिए फिल्म बनाना आसान काम होगा।

### आलिया के साथ काम करना चाहते हैं

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल, अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ काम करना चाहते हैं। सनी देओल इन-दिनों फिल्म गदर 2 को लेकर चर्चा में है। गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 460 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है।दर्शक गदर 2 में सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी को काफी पसंद कर रहे हैं। सनी देओल से पूछा गया कि वह किस अभिनेत्री के साथ काम करना चाहेंगे।

जवाब में, सनी देओल ने आलिया भट्ट का नाम लिया है।उन्होंने कहा, मुझे आलिया भट्ट बहुत पसंद हैं। उनके साथ फिल्म करना दिलचस्प होगा। मैं हीरो-हीरोइन या विपरीत (एक-दूसरे) के रूप में नहीं कह रहा हूं, मैं बात कर रहा हूं कि यह बेटी-पिता की तरह कुछ भी हो सकता है।



RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

भारत के अनूठे ज्वेलरी शो 'हाई लाइफ ज्वेल्स' का एक सितंबर को बेंगलूरु के ताज वेस्ट एंड में आगाज होगा। यह आयोजन 2 और 3 सितंबर को भी जारी रहेगा। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक है। हाई लाइफ फैशन और लक्जरी प्रदर्शनियों की पर्याय है, जो शॉपिंग का शानदार अनुभव देने के लिए जानी जाती है।

## विद्या सुरक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के मारुति मेडिकल के प्रमुख व समाजसेवी महेन्द्र मुणोत ने बुधवारको हंगल तहसील के सावनसंगी ग्राम के सरकारी विद्यालय में विद्या सुरक्षा योजना के तहत विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की। स्कूल के पदाधिकारियों ने मुणोत का भी सम्मान किया।

## रक्षाबंधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के किल्लारी रोड स्थित सी बी भंडारी जैन हाई स्कूल में बुधवार को रक्षाबंधन के मौके पर स्कूल की छात्राओं ने अतिथि के रूप में उपस्थित बेंगलूरु के पूर्व पुलिस आयुक्त भास्कर राव की कलाई पर राखी बांधी।



# माया व्यक्ति के जीवन में सुगति का नाश कर देती है : मुनि हिमांशुकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ सभा भवन गांधीनगर में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री हिमांशुकुमारजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माया सुगति का नाश कर देती है। माया की मार इतनी भारी होती है कि व्यक्ति जन्मों जन्मों तक दुर्गति में भटकता रहता है। माया को दुख का पिटारा बताते हुए मुनि ने कहा कि एक माया ऐसी है जो व्यक्ति की जन्मों जन्मों की तपस्या के सुकृत सुफल को क्षण मात्र में खंडित कर देती है। व्यक्ति परिवार में व्यापार में ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रदर्शन के भावों में जो माया, छल, कपट करता है वह अपने ही हाथों अपना नुकसान करता है। माया के दुष्परिणामों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि माया से प्राप्त किया गया ज्ञान उपयोगी नहीं होता। जब उसे ज्ञान की जरूरत होती है तब वह काम नहीं आता। व्यक्ति माया को छोड़ सरलता का गुण विकसित करें तो वह ज्ञान के लाभ को प्राप्त कर सकता है तथा सरल व्यक्ति परिवार में सम्मान को प्राप्त करता है। कपट रहित व्यापारी लोगों में अपनी विश्वास युक्त छवि बनाने में सफल हो सकता है । मुनि हेमंतकुमारजी ने कहा कि जीवन का बहुमूल्य रहस्य का उद्घाटन सच्चे गुरु साधु की सन्निधि में संभव है । हमें उन्हीं की उपासना करनी चाहिए । अगर उपासना में गड़बड़ तो आराधना में गड़बड़ यदि आराधना में गड़बड़ तो संघ में गड़बड़। यदि व्यक्ति कुसंगत में रहेगा तो वह सदा सत्य से अनभिज्ञ रहेगा। सत्य के निश्चय के लिए साधु की संगत सही विकल्प है । कार्यक्रम में पूर्व गुरु दर्शन संघ के प्रायोजक मूलचंद मुकेशकुमार नाहर परिवार का तेरापंथ सभा द्वारा सम्मान किया गया ।



# भाई बहन के अटूट बंधन का पर्व है रक्षाबंधन : डॉ प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई बहन की रक्षा का एक पवित्र पर्व है। जैसे गन्ने के बीच में गांठ होती है एक दूसरे गन्ने को जोड़कर रखती है। उसी प्रकार हमारे को सब जीवों की रक्षा करनी चाहिए। जैसे भगवान महावीर स्वामी ने नगर-नगर, डगर-डगर विचरण किया क्योंकि सब जीवों पर दया की भावना थी सभी जीवों की प्रति करुणा की भावना थी। इस कलयुग के अंदर साधु भगवंत स्व की रक्षा करते हुए पर की रक्षा कर रहे हैं। आप साधु भगवंत की रक्षा करते है तो साधु भगवान भी आपकी रक्षा करते हैं और जीवन में त्याग प्रत्याख्यान करवाते हैं। पाप कार्यों से बचाते हैं। रक्षाबंधन एक पवित्र प्यार का रिश्ता है। इससे पूर्व साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने कहा अगर हमें भी स्वर्ग के जैसा जीवन जीना है तो पांच बातों को ध्यान रखना चाहिए। व्यवहार में नम्रता रखना, एक दूसरे की गलतियों को अनदेखा करना, आपस में तुलना नहीं करना, समय पर सभी कार्य निपटने कि आदत रखना तथा हमेशा मुस्कुराते हुए रहना। घर हमारा एक मंदिर है। इसे स्वर्ग बनाना हमारे हाथ में है। साध्वी प्रियांगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।

# 'जीवन आइसक्रीम समान, समय से उसका सदुपयोग करें'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में



साध्वी सुलोचनाश्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि हमारे पास 'सोना' अधिक है इसलिए हम ठीक से नहीं सो सकते, लेकिन संयमी आत्मा, साधु साध्वी जी भगवन्तों के पास 'सोना' नहीं है इसलिए निश्चिन्त होकर सोते हैं। साधु साध्वी भगवन्त अपनी साधना प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में करते हैं, जब हमारे सोने का समय होता है तब संयमी आत्मा अपनी साधना में लीन रहती है। गुण वैराग्य सम्यग दृष्टि आत्मा को आता है जिसे छोटा सा निमित्त मिलते ही वैराग्य उत्पन्न हो जाता है। हम सभी भव्य आत्माएं हैं जिन्हें जिनवाणी श्रवण का लाभ मिल रहा है। हमारा जीवन आईसक्रीम के जैसे है, अगर हम इसे समय पर उपयोग कर लेंगे तो ठीक है वरना यह पिघल कर समाप्त हो जाएगी।

पुण्य का पैसा खर्च करके हमने इस दुर्लभ मनुष्य जीवन को प्राप्त किया है, इसका हमें सदुपयोग करना है। माचिस की तीली के जैसे हमारा जीवन प्रतिदिन समाप्त हो रहा है। संसारी प्राणी विषयों से वैराग्य प्राप्त करके तीन प्रकार के गुण वैराग्य, दुख गर्भित, ज्ञान गर्भित और मोह गर्भित वैराग्य प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो सकते हैं।



# बीजेएस मैसूरु के पदाधिकारियों ने साधु साध्वियों को दी जलक्रांति योजना की जानकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) मैसूरु के तत्वावधान में पूना से आए नीलेश शिन्दे, सचिन जैन, कर्नाटक राज्य उपाध्यक्ष प्रकाश गुलेच्छा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखराज विनायका, मैसूर निवर्तमान अध्यक्ष विमल पितलिया, अध्यक्ष प्रवीण लुंकड़, उपाध्यक्ष राजन बाघमार, सचिव कुशल पालरेचा, कोषाध्यक्ष मनोहर सांखला, संयुक्त सचिव नेमीचन्द बड़ोला, प्रकाश गांधी, नवरतनमल पितलिया आदि ने मैसूरु में महावीर भवन में विराजित आचार्यश्री तीर्थभद्रसूरीश्वरजी म.सा., यादवगिरि में विराजित वसंतमुनिजी, तेरापंथ भवन में विराजित मुनिश्री रश्मिकुमार, प्रियांशुकुमारजी, जैन भवन में विराजित प्रज्ज्वलसागरजी, जैन स्थानक में विराजित साध्वीश्री मंगलज्योतिजी एवं आदिश्वर वाटिका में विराजित साध्वीश्री विरतिपूर्णाजी आदि के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और बीजेएस द्वारा चल रही 'जल क्रांति' योजना की विस्तार से जानकारी दी तथा सम्पूर्ण सकल जैन समाज से इस कार्य मे सहयोग की अपील की।



# तुलसी शिक्षा परियोजना के मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केन्द्र की आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में मुनिश्री हिमांशुकुमारजी के सान्निध्य में मेधावी विद्यार्थी सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुनिश्री ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा उपक्रम है और इससे अधिक से अधिक सदस्यों को जुड़ना चाहिए। 25 बोल आदि को कंण्ठस्थ करने की प्रेरणा दी। तत्वविज्ञ में संतोष रायसोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा, भारती गादिया ने छठवां व संगीता सिसोदिया प्रथम डिवीजन में उत्तीर्ण हुए। तत्वज्ञान के पांचवें वर्ष में सविता सकलेचा ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रायोजक पिस्ताबाई शांतिबाई सकलेचा, अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल, मंत्री ज्योति संचेती एवं आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना की संयोजिका लताजी गादिया ने सभी परीक्षार्थियों का सम्मान किया।

# 'धर्मसाधना से ही सिद्धि संभव'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजाजीनगर स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित पन्यासश्री भक्तिरत्नविजयजी, मुनिश्री भाग्यचंद्रविजयजी व बालमुनिश्री



भक्तिदर्शनजी ने कहा कि जैन परंपरा की मान्यता है कि समग्र संसार की जीवसृष्टि चार गति में विभक्त है। पृथ्वीकाय से लगाकर वनस्पतिकाय और एकेन्द्रिय से लगाकर पंचेन्द्रिय तक सभी का समावेश हो जाता है। ये रहे उन चार गतियों के नाम देवगति, मनुष्यगति, तिर्यंच गति और नरकगति । प्रत्येक संसारी जीव अपने कर्मों को लेकर, या परवश होकर इन चार गतियों में परिभ्रमण करता रहता है। परन्तु जीवन की और भव की सफलता वहाँ है कि जहाँ आत्मा इन चारों गति के बंधनों को तोड़कर मुक्त होकर सिद्धिपद पाती है। ऐसी सफलता केवल और केवल धर्म साधना से ही संभव है और ऐसी धर्म सफल साधना सिर्फ मनुष्य भव में ही संभव है। इन चारों ही गतियों की दुःखमयता आदि विशिष्टताओं को लक्ष्य में लेकर चितकों ने धर्मबीज बोने की अपेक्षा से चारों ही गतियों को यथार्थ उपमाएं दी है। संतश्री ने कहा कि नरकगति जली हुई भूमि जैसी है, उस गति में धर्मबीज के खिलने की कोई संभावना ही नहीं होती। तिर्यचगति बंजर भूमि जैसी है, ये परेशानी भी बढ़ाती है, इसलिए धर्म बीज खिलने की संभावना वहाँ भी नहीं है। देवगति संगमरमर मंडित भूमि जैसी है। उसमें भी बीज खिलकर फलीभूत नहीं हो सकते हैं। मनुष्यगति कृष्ण / फलद्रुप भूमि जैसी है क्योंकि उसमें धर्म बीज आसानी से खिल सकते हैं। इस मनुष्यगति में होनेवाली धर्मसाधना पावरफुल और परिणामदायक बन सके उसके लिए धर्म साधना में पाँच स होने चाहिए। सिर्फ धर्मक्षेत्र में ही नहीं प्रत्येक क्षेत्रमें पाँच 'स' अर्थात सतत, सख्त, सरस, सतर्क और सानुबंध जैसे पाँच पाँच स को अपनाना पड़ता है। जो इन्हें साथ रखकर आगे बढ़ता है। उसकी सफलता निश्चित है।



# हर दुल्हन के दिल को लुभाएगी 'हाई लाइफ ज्वेल्स' की खूबसूरती

## आगाज एक सितंबर को ताज वेस्ट एंड में होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत के अनूठे ज्वेलरी शो 'हाई लाइफ ज्वेल्स' का एक सितंबर को बेंगलूरु के ताज वेस्ट एंड में आगाज होगा। यह आयोजन 2 और 3 सितंबर को भी जारी रहेगा। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक है। हाई लाइफ फैशन और लक्जरी प्रदर्शनियों की पर्याय है, जो शॉपिंग का शानदार अनुभव देने के लिए जानी जाती है। इसका लेटेस्ट वेंचर हाई लाइफ ज्वेल्स एक शानदार शो है, जो 100 से ज्यादा प्रीमियम आभूषण ब्रांड्स को एक छत के नीचे लाता है। यह भव्य ब्राइडल ज्वेलरी और ओकेजन ज्वेलरी की शॉपिंग के लिए परफेक्ट जगह है।

आयोजकों ने कहा कि आभूषण समृद्धि और खुशहाली के प्रतीक होते हैं, जिनका किसी दुल्हन के लिए बहुत महत्त्व होता है। हाई लाइफ ज्वेल्स में टाइमलेस क्लासिक्स, एंटीक ज्वेलरी, पोल्की और कुंदन ज्वेलरी, समकालीन ज्वेलरी जैसी आभूषणों की समृद्ध शृंखला है, जो हर दुल्हन के दिल में जगह बनाएगी।

इसके अलावा ब्राइडल, गोल्ड, फुट वियर, बेड लिनन, नेल आर्ट, लहंगा, डायमंड, बैग और क्लच, फर्निशिंग, स्किन केयर, कस्टम मेड, सिल्वर, कमर बेल्ट, रग्स एंड कार्पेट, फेस केयर, कीमती स्टोन्स, हेयर एक्सेसरीज, फर्नीचर, बालों की देखभाल, डिजाइनर सूट, मिट्टी के बर्तन, हाथ से बने साबुन, पोशाक, पेंटिंग, सुगंध संग्रह, भित्ति चित्र, डिजाइनर साड़ी, मास्क, ब्लाउज, फॉर्मल वियर, ऑफिस वियर, दीया, कैजुअल, कैंडल्स, सेमी कैजुअल, स्टेशनरी, लाउंज, ट्राउसेउ पैकिंग, पार्टी वियर, गिफ्टिंग, मेन्स एथनिक वियर, किड्स वियर, शॉल और स्टोल आदि उपलब्ध रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि ये खूबियां इसे भावी दुल्हनों, शादी के मेहमानों और आभूषण प्रेमियों के लिए सर्वश्रेष्ठ शॉपिंग डेस्टीनेशन बनाती हैं।



# जीतो प्रोफेशनल फोरम के सदस्यों ने की आदोनी जैन मंदिर की धार्मिक यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो प्रोफ़ेशनल फ़ोरम(जेपीएफ़) ने दो दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जिसमें विविध व्यावसायिक क्षेत्रों से जुडे 70 सदस्यों ने आदोनी स्थित श्री पारसमणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दर्शन का लाभ लिया। दो दिनों के इस कार्यक्रम में सदस्यों को मंदिर दर्शन के साथ साथ जैन दर्शन के अनेक आयाम को समझने व प्रोफ़ेशनल क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा चुके अनेक पेशेवरों ने परिचर्चा में भाग लिया और सदस्यों के साथ अपने अनुभव साझा किए। संजय धारीवाल ने बाकायदा आध्यामिक तत्वों को योजनाबद्ध तरीके से अपनाने तथा छोटी छोटी बातों में परिवर्तन लाकर जैन दर्शन को आसानी से दैनंदिन के जीवन में शामिल करने की बात की। दीपिका कावड ने जैन धर्म के दृष्टिकोण से प्रोफ़ेशनल जीवन को निहारने की बात कहीं। चार्टर्ड अकाऊंटेंट ऋषभ सिंघवी ने बडी संवेदनशीलता के साथ जैन धर्म में व्यावसायिकता तथा व्यावसायिकता में जैन धर्म के बीच भेद को उजागर किया। इस आयोजन में प्रतिभागियों को देह और अंतरमन के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए योग की भूमिका समझने का अवसर मिला। जीतो साऊथ के चेयरमैन दिनेश बोहरा, जेपीएफ़ संस्था के चेयरमैन सुभाष मेहता, जीतो साऊथ के मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमाल, जेपीएफ़ के मुख्य सचिव आयुष बाफना, समन्वयक अक्षय मेहता, कोषाध्यक्ष पंकज डूंगरवाल, सह-समन्वयक अशोक मेहता, प्रोजेक्ट समन्वयक भूमिका ललवानी और लोकेश ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सरगम मंडल द्वारा भक्ति और पूजा की गई।



# जेबीएन टाइकूंस का ऑफिस दर्शन कार्यक्रम सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के जेबीएन टाइकूंस के ऑफिस दर्शन कार्यक्रम के तहत सदस्यों ने बसवनगुड़ी के करियप्पा रोड स्थित 'स्टेंसिल' प्रतिष्ठान का दौरा किया। इस मौके पर केकेजी जोन के महामंत्री दिलीप जैन ने कहा कि सफलता कोई जादू के डंडे से मिलने वाली वस्तु नहीं है अपितु त्याग, नियम, संघर्ष, मेहनत इत्यादि गुणों का मिश्रण है। ज़िंदगी में कुछ पाना हो तो खुद पर ऐतबार रखना, सोच पक्की और कदमों में रफ्तार रखना, सफलता मिल जाएगी एक दिन निश्चित ही तुम्हें, बस खुद को आगे बढ़ने के लिये तैयार रखना। आफिस दर्शन कार्यक्रम में सभी उपस्थितों का स्वागत टाइकूंस अध्यक्ष महावीर भंसाली ने किया।

उन्होंने कहा कि कार्यालय दर्शन कार्यक्रम से किसी भी व्यवसायी या पेशेवर के उत्पाद या सेवाओं को गहराई से समझने में आसानी रहती है और ऐसे आयोजन सभी के लिये यादगार और समृद्ध अनुभव भी बनते है। उपाध्यक्ष दिनेश बाफना ने कहा कि ऐसे आयोजनों के दौरान उत्पाद की गुणवत्ता व अन्य जानकारियो हेतु सदस्यों की उत्सुकता चरम पर रहती है।

आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित जीतो नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने आज के इस प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक युग में सफल होने के लिये प्रेरणादायी कहानियों के माध्यम से अपना वक्तव्य रखा।

आयोजन में स्टेंसिल के निदेशक एवं टाइकूंस के पूर्व अध्यक्ष नितिन लुणिया ने अपने व्यावसायिक उत्पाद की संपूर्ण श्रृंखला के बारे में बताया। स्टेंसिल प्लाइवुड, विनियर और लेमिनेशन उत्पादों में अग्रणी है। सदस्यों ने स्टेंसिल के साथ अपने व्यावसायिक अनुभवों को भी साझा किये तथा स्टेंसिल की प्रगति हेतु नये रेफरल देने का भी वादा किया। आयोजन के दौरान विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। टाइकूंस सचिव विकेश जैन ने आभार व्यक्त किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.)
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com